निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | मंगलवार 20 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-153 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम –33 सूर्योदय – 6 : 08
न्यूनतम – 25 सूर्यास्त – 6 : 19

### सोना चांदी


सोना – 50845.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 56700.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स –59141.23 निफ्टी – 17622.25
रु/यूएस डॉलर – 79.70 रु/यूरो – 79.78

### न्यूज फ्लैश

## अपने इतिहास पर श्रद्धा जरूरी, यही दिखाएगी विश्व को सही राह : मोहन भागवत




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि विदेशी विद्वानों ने अपने स्वार्थ में भारत के इतिहास का गलत चित्रण किया और हमने अपने इतिहास पर श्रद्धा के अभाव में इसे स्वीकार कर लिया। इसी कारण से आज हमें अपने इतिहास को सही ढंग से प्रस्तुत करने की जरूरत पड़ रही है। डॉ. भागवत ने आज द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट द्वारा "कनेक्टिंग विथ द महाभारतः हिस्ट्री, जियोग्राफी, कल्चर, आर्टी" पुस्तक का इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में विमोचन किया। नीरा मिश्रा एवं राजेश लाल द्वारा लिखित इस पुस्तक का प्रकाशन गरुड़ प्रकाशन ने किया है। इस दौरान डॉ. भागवत ने कहा कि यह विज्ञान का युग है और विश्व सहित भारत भी कई समस्याओं से जूझ रहा है। इसका प्रमुख कारण है कि हम अपने इतिहास, महापुरुषों और ज्ञान से विमुख हो गए हैं। यह ज्ञान हमें धमार्नुसार आचरण सिखाता है। डॉ. भागवत ने कहा कि अपने इतिहास पर श्रद्धा जरूरी है। यही विश्व को सही राह दिखा सकती है। उन्होंने कहा कि हम अगर महाभारत पढ़ते रहते तो इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ वर्तमान के समय में संतुलन, संयम और मध्यम मार्ग है। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि आज की आवश्यकता के चलते हम चीन, अमेरिका और रूस जैसे देशों की राह पर चल पड़े हैं, लेकिन हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा। यह एकदम से संभव नहीं है इसके लिए हमें दीर्घकालीन लक्ष्य तय करने होंगे।

## महाराष्ट्र कांग्रेस कार्यकारिणी ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव किया पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित प्रदेश प्रतिनिधियों की सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में सर्वसहमति से राहुल गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का अधिकार सौंपने का निर्णय लिया है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का सर्वाधिकार सोनिया गांधी को सौंपे जाने का भी प्रस्ताव मंजूर किया है। राज्य निर्वाचन अधिकारी पल्लम राजू की अध्यक्षता में सोमवार को यशवंतराव चव्हाण हॉल में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित प्रदेश प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस बैठक में दो प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि (एआईसीसी प्रतिनिधि) चुनने का अधिकार देने का प्रस्ताव रखा। विधायक दल कांग्रेस पार्टी के नेता पूर्व राजस्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और सभी राज्य प्रतिनिधियों ने सर्वसहमति से इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसी बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने एक प्रस्ताव पेश कर अनुरोध किया कि सांसद राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। इस प्रस्ताव को राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चंद्रकांत हंडोरे और नसीम खान ने सहमति दी और सभी प्रतिनिधियों ने सर्वसहमति से मंजूरी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री पल्लम राजू ने कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से भारत जोड़ो पदयात्रा शुरू की है। पल्लम राजू ने भी सभी कांग्रेस कार्यकताओं को इस यात्रा में शामिल होने की अपील की। राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ी यात्रा 7 नवंबर को महाराष्ट्र पहुंचेगी, इस यात्रा की तैयारियों पर भी बैठक में चर्चा हुई।

## एनआईए ने माओवादी नेता सम्राट चक्रवर्ती को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** एनआईए ने सोमवार को कुख्यात माओवादी नेता सम्राट चक्रवर्ती को कल्याणी एक्सप्रेस-वे के पास से गिरफ्तार किया है। वह माओवादी नेता मल्लोजुला कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी के करीबियों में से एक रहा है। 2011 में तृणमूल के सत्ता में आने के बाद उसे नादिया, मुर्शिदाबाद, मालदा, कोलकाता की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सूत्रों के अनुसार सम्राट सीधे तौर पर सिंगूर और नंदीग्राम में माओवादियों के आंदोलन में शामिल था। वर्ष 2016 में वह असम चला गया। वह माओवादी गतिविधियों के बारे में सूचित करने के लिए गांव-गांव जाता था। वहां दंगे शुरू होते ही सम्राट चक्रवर्ती कोलकाता वापस आ गया। कल्याणी एक्सप्रेस-वे के किनारे रहने लगा। वह एक गोदाम में काम करता था। वह वहां अपने काम की आड़ में माओवादी गतिविधियों को अंजाम देता था। एनआईए अधिकारियों को जानकारी मिलने के बाद निगरानी शुरू हुई लेकिन सम्राट के ठिकाने की पूरी जानकारी होने के बावजूद उसे पकड़ने के लिए एनआईए को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वह 20 अलग-अलग नामों से इलाके में रह रहा था। सोमवार सुबह सम्राट कुख्यात माओवादी नेता गौर चक्रवर्ती से मिलने जा रहा था तभी एनआईए ने उसे धर दबोचा।

# सिख प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सात लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर सिख प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त की और सिख समुदाय के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दिल्ली के गुरुद्वारा श्री बाला साहिब जी ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'अखंड पाठ' का आयोजन किया था। 15 सितंबर को शुरू हुआ अखंड पाठ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के दिन समाप्त हुआ। इस 'अखंड पाठ' में हजारों सिख भक्तों ने भाग लिया। सिख प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उन्हें गुरुद्वारे का प्रसाद और आशीर्वाद दिया। बैठक के दौरान सिख प्रतिनिधिमंडल ने पगड़ी बांधकर और सिरोपा भेंट कर प्रधानमंत्री का सम्मान किया। प्रधानमंत्री की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की अरदास भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को सिख समुदाय के सम्मान और कल्याण के लिए उनके द्वारा की गई पथप्रदर्शक पहल के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने 26 दिसंबर को "वीर बाल दिवस" के रूप में घोषित करने, करतारपुर साहिब कॉरिडोर को फिर से खोलने, गुरुद्वारों द्वारा चलाए जा रहे लंगरों पर जीएसटी को हटाने, गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियां अफगानिस्तान से भारत लाने सहित अन्य कई प्रयासों को याद किया। सिख प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय केंद्रीय गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष तरविंदर सिंह मारवाह, सभा के कार्यकारी अध्यक्ष वीर सिंह, केंद्रीय गुरु सिंह सभा के दिल्ली प्रमुख नवीन सिंह भंडारी, गुरुद्वारा सिंह सभा, तिलक नगर के अध्यक्ष हरबंस सिंह और गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रमुख ग्रंथी राजिंदर सिंह शामिल थे।

## हाथियों का डेटाबेस तैयार करवा रही मोदी सरकार, अवैध व्यापार रोकना मकसद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय हाथियों का अवैध व्यापार रोकने के उद्देश्य से देश में बंधक हाथियों का एक केंद्रीय आनुवंशिक डेटाबेस तैयार कर रहा है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि राज्यों को निर्देश जारी करने की संभावना है, कि यदि किसी हाथी की मौत जहर से नहीं हुई है, तब उस जमीन में नहीं दफनाया जाए। हाथियों का उपयोग और उन्हें मानवीय तरीके से प्रबंधित करना भारत में एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। देश में हाथी को बंधक बनाकर रखने का एक लंबा इतिहास रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद देश में बंधक हाथियों का अवैध कारोबार जारी है। अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने अब बंदी हाथियों का आनुवंशिक डेटाबेस बनाने की शुरूआत की है। अधिकारी ने कहा कि इसमें प्रत्येक जानवर की तस्वीर के साथ आनुवंशिक डेटा उपलब्ध होगा और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, प्रत्येक हाथी और उसके मालिक के रिकॉर्ड से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या किसी हाथी को अवैध रूप से बेचा गया या उसका अवैध व्यापार किया गया है। हाथियों की संख्या के वैज्ञानिक आकलन के लिए मंत्रालय पहले ही जंगली हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग कर रहा है। इसके आंकड़े अगले साल मार्च में जारी होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि दोनों डेटाबेस से यह सुनिश्चित होगा कि जंगल से किसी हाथी को अवैध तरीके से नहीं पकड़ा जाए। 2002 में संशोधित वन्यजीव अधिनियम 1972 के अनुसार, राज्य के वन विभागों के साथ पंजीकृत नहीं किए गए बंधक हाथियों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## सीमा सुरक्षा बल के 58 कार्मिक सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 58 कार्मिकों को सोमवार को यहां सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित किया गया। इनमें 13 कार्यरत और 45 सेवानिवृत्त बल कार्मिक हैं। बीएसएफ के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन सेंटर, स्कोप कॉम्पलेक्स में आयोजित विशिष्ट अलंकरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बल के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पदकों से अलंकृत करते हुए राष्ट्रहित में किये गए इनके कर्तव्य निर्वहन की सराहना की। समारोह में बीएसएफ के 58 सीमा प्रहरियों जिसमें 13 (कार्यरत) व 45 (सेवानिवृत्त) बल कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएफ के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह ने सर्वप्रथम, कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सम्मानित बल कार्मिकों की राष्ट्रहित में संपादित उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि इस समारोह की तर्ज पर आज बल के तीन अन्य मुख्यालयों में भी विशेष अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कमांड मुख्यालय, (पश्चिमी कमान), चंडीगढ, कमान मुख्यालय (ईस्टर्न कमांड), कोलकाता व सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बंगलौर में आयोजित हुए इन समारोहों में कुल मिलाकर 129 बल कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित किया गया। जिसमें 84 (कार्यरत) व 45 (सेवानिवृत्त) बल कार्मिक शामिल रहे।


# अमरिंदर सिंह भाजपा में हुए शामिल, पंजाब लोक कांग्रेस का भी पार्टी में विलय

**- कैप्टन के आने से भाजपा को मिलेगी मजबूती, पंजाब में शांति और सुरक्षा होगी कायमः तोमर**
**- देश के हितों की देखभाल करने वाली पार्टी में शामिल होने का समय आ गया है:अमरिंदर सिंह**



**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय कर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, किरेन रिजिजू ने कैप्टन और उनकी पार्टी के कार्यकताओं का भाजपा में स्वागत किया। तोमर ने कहा कि कैप्टन के आने से भाजपा को मजबूती मिलेगी और पंजाब में शांति और सुरक्षा कायम होगी। इस अवसर पर कैप्टन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और उन्होंने पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों को बिगड़ते देखा है। पंजाब में पूरी तरह से अराजकता पैदा करने के लिए ड्रोन अब हमारे क्षेत्र में आ रहे हैं। चीन भी हमसे दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य और देश की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने तय किया कि देश के हितों की देखभाल करने वाली पार्टी में शामिल होने का समय आ गया है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तोमर ने कैप्टन का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज हम सबके लिए प्रसन्नता का विषय है। पंजाब सीमावर्ती राज्य है, देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए जरूरी है कि पंजाब में शांति कायम रहे। कैप्टन अमरिंदर सिंह की जो सोच है वो भाजपा से मिलती-जुलती रही है।

## भारत ने समुद्री डकैती रोकने के लिए आईएनएस तरकश को गिनी की खाड़ी में तैनात किया



**नई दिल्ली।** समुद्री सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस तरकश को समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए गिनी की खाड़ी (जीओजी) में मिशन पर तैनात किया है। इस दौरान नाइजीरियाई नौसेना के गश्ती जहाजों के साथ भारतीय युद्धपोत ने समुद्री अभ्यास में भाग लेकर काउंटर-पाइरेसी संचालन के लिए कौशल बढ़ाने में भी मदद की। इस अभ्यास ने भारत और नाइजीरिया ने जीओजी में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के समर्थन में पहली संयुक्त परिचालन तैनाती को चिह्नित किया। तैनाती के हिस्से के रूप में भारतीय जहाज ने नाइजीरियाई नौसेना के गश्ती जहाजों एनएनएस कानो, ओसुन, सोकोतो और नगुरु के साथ एक संयुक्त समुद्री अभ्यास में भाग लिया। इस अभ्यास ने भारतीय और नाइजीरियाई नौसेनाओं के बीच समुद्री संचालन के विभिन्न पहलुओं जैसे कि समुद्री डकैती, संकट में जहाजों को सहायता, एसएआर ड्रिल, और एंटी-एयर और एंटी-सरफेस ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं में अंतर-क्षमता को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया। अभ्यास के दौरान समुद्री संचालन एंटी-पायरेसी, संकट में जहाजों को सहायता, एसएआर ड्रिल, और एंटी-एयर और एंटी-सरफेस ऑपरेशन ने समुद्री हस्तक्षेप और काउंटर-पाइरेसी ऑपरेशन के लिए कौशल बढ़ाया। जीओजी में समुद्री डकैती रोधी अभियानों के समर्थन में भारत और नाइजीरिया की यह पहली संयुक्त परिचालन तैनाती है।

## भारत जोड़ो यात्रा को बदनाम कर रही है भाजपा : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा पर भारत जोड़ो यात्रा को बदनाम करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा परेशान है। इसीलिए इनके नेता यात्रा को लेकर अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कभी टी-शर्ट तो कभी कंटेनर को लेकर ये लोग सवाल उठा रहे हैं। भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था पर बोलने के बजाय यात्रा पर सवाल उठा रही है। वल्लभ ने कहा कि भाजपा ने जितने आरोप यात्रा को लेकर लगाए हैं, सभी झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया कि भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के दौरान राहुल गांधी विवेकानंद की मूर्ति के पास नहीं गए। केन्द्रीय मंत्री ईरानी का यह आरोप गलत सिद्ध हुआ लेकिन उन्होंने अपने झूठे बयान के लिए कभी माफी नहीं मांगी। वल्लभ ने कहा कि तमिलनाडु भाजपा के आईटी सेल के चीफ निर्मल कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और भांजी मिराया वाड्रा की जो फोटो ट्वीटर पर साझा की वह निंदनीय है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि निर्मल कुमार ने एक फोटो ट्वीट की थी। उसमें राहुल गांधी के साथ एक लड़की भी दिख रही थी। यह लड़की राहुल गांधी की भांजी मिराया वाड्रा थी। इस फोटो को साझा कर निर्मल ने लिखा कि उन दस लोगों के बारे में तो सोचना भी पाप है जो हाथ में मेहंदी लगाकर बच्चों के साथ खेलते इस पप्पू के साथ यात्रा पर निकले हैं.। हालांकि सोशल मीडिया पर दबाव बढ़ता देख निर्मल ने अपना ट्वीट हटा लिया था और उन्होंने लिखा कि उनके तमिल में लिखे ट्वीट का गलत अर्थ निकाला गया है।

# दिल्ली में तैयार हो रहे हैं 11 नए अस्पताल: सिसोदिया




**नई दिल्ली।** दिल्लीवालों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने और पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए दिल्ली सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इस दिशा में सरकार दिल्ली में 11 नए अस्पताल तैयार करवा रही है, जिससे दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 10 हजार से ज्यादा बेड्स की बढ़ोतरी होगी। उपमुख्यमंत्री मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर, हस्तसाल (विकासपुरी) में बन रहे अस्पतालों के साथ- साथ 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता के साथ बनाए जा रहे सात नए सेमी-पमानेंट अस्पतालों के निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए और यहां क्वालिटी के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार का उद्देश्य अपने सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है। इस दिशा में दिल्ली में सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे नए अस्पताल मील का पत्थर साबित होंगे और हमारे हेल्थ रिसोर्सेज को बढ़ाने का काम करेंगे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे ज्यादातर अस्पतालों का निर्माण कार्य इस साल अंत तक पूरा हो जाएगा। वहीं, कुछ अस्पताल 2023 के मिड तक बनकर तैयार हो जाएंगे। निर्माण कार्य समय पर पूरे हो और सभी अस्पताल जल्द ही जनता को समर्पित हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए हर उपमुख्यमंत्री हर 15 दिन में इसके प्रगति की समीक्षा भी कर रहे है। उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि इन 11 अस्पतालों में 3237 बेड्स की क्षमता वाले 4 अस्पताल व 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता वाले 7 सेमी-परमानेंट आईसीयू अस्पताल शामिल है।

## पांच दिन में दूसरी बार जैकलीन से हुई पूछताछ

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में पांच दिन में दूसरी बार अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का सामना आर्थिक अपराध शाखा के अफसरों से हुआ। सोमवार वह पूछताछ के लिए मंदिर मार्ग स्थित दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू दफ्तर पहुंची। ईओडब्ल्यू ने उन्हें सुकेश से मिले गिफ्ट और लेनदेन के दस्तावेजों के साथ बुलाया था। साथ ही उनकी ड्रेस डिजाइनर लिपाक्षी को भी तलब किया है, लेकिन वह तबीयत खराब होने के कारण नहीं पहुंची है। वहीं, जैकलीन को सुबह 11 बजे ही ईओडब्ल्यू ऑफिस बुलाया गया था, लेकिन वह 2.30 घंटे की देरी से दोपहर में पहुंचीं। ईओडब्ल्यू की ज्वॉइंट कमिश्नर छाया शर्मा और स्पेशल कमिश्नर रविंद्र यादव की अगुआई में 6 अफसरों की टीम ने जैकलीन से सवाल किये। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने जैकलीन से बुधवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। उनके साथ उनकी सहयोगी पिंकी ईरानी भी थी। सूत्रों की माने तो आज की पूछताछ में टीम जैकलीन से सुकेश से उनके रिश्तों के बारे में पूछ सकती है। और महंगे गिफ्ट क्यों देता था। उल्लेखनीय है कि ईओडब्ल्यू ने जैकलीन के बाद गुरुवार को एक्ट्रेस-डांसर नोरा फतेही से भी पूछताछ की थी। नोरा से करीब पांच घंटे तक पूछताछ हुई थी। उनका भी सामना पिंकी ईरानी से भी कराया गया। दिल्ली पुलिस ने नोरा से सुकेश चंद्रशेखर से संबंध और मुलाकात को लेकर सवाल पूछे थे।

# सम्पादकीय

## ज्यादा लंबा नहीं दौड़ सकता चीता

चीते के बारे में यह तथ्य सर्वविदित है कि चीता धरती का सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है लेकिन इसके साथ ही एक तथ्य यह भी है कि चीता ज्यादा लंबी दूरी तक नहीं दौड़ सकता। भारत में यह जानवर 1952 में पूरी तरह लुप्त घोषित कर दिया गया था और लुप्त घोषित किए जाने की 70 वर्षों की बेहद लंबी अवधि के पश्चात 17 सितम्बर 2022 को नामीबिया से लाए गए 8 चीतों ने भारत की धरती पर कदम रखा। इस विशेष अवसर पर चीते की कुछ प्रमुख विशेषताओं को जानना दिलचस्प है। अपनी तेज रफ्तार के लिए दुनिया में विख्यात बिल्ली की प्रजाति का जानवर चीता 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है और हर सैकेंड में चार छलांग लगाता है। गति पकड़ने के मामले में चीता स्पोर्ट्स कार से भी तेज होता हैं, जो मात्र तीन सैकेंड में ही शून्य से 97 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार पकड़ लेता है। पूरी ताकत से दौड़ने पर यह 7 मीटर यानी 23 फुट लंबी छलांग लगा सकता है। हालांकि यह बिल्ली प्रजाति के अन्य जीवों की ही भांति काफी समय सुस्ताते हुए बिताता है। चीते के बारे में यह तो हर कोई जानता है कि यह दुनिया का सबसे तेज रफ्तार से दौड़ने वाला जानवर है लेकिन यह प्रायः कम लोग ही जानते हैं कि चीते ज्यादा लंबा नहीं दौड़ सकते। शेर और बाघ के मुकाबले चीते बहुत पतले होते हैं। इनके सिर भी काफी छोटे होते हैं, इसके अलावा इनकी कमर पतली होती है। इनके शरीर पर काले धब्बे होते हैं। चीतों के चेहरे पर काली धारियां होती हैं, जो इनकी आंखों के भीतरी कोनों से नीचे मुंह के कोनों तक जाती हैं। चीते आमतौर पर दिन के दौरान शिकार करते हैं, जब शेर बहुत सक्रिय नहीं होते हैं। चीता बिग कैट फैमिली का अकेला ऐसा सदस्य है, जो दहाड़ नहीं सकता। चीता बहुत लंबी दूरी तक तेज गति से नहीं दौड़ सकता और यह दूरी प्रायः 450 मीटर से ज्यादा नहीं होती। जंगली चीतों में नर की उम्र 10-12 वर्ष जबकि मादा की उम्र 14-15 साल तक होती है। मादा चीता की गर्भ अवधि करीब तीन महीने की होती है और वह एक बार में 2-5 चीते को जन्म दे सकती है। बाघ, शेर या तेंदुए की तरह चीते दहाड़ते नहीं हैं, दरअसल चीते के गले में वह हड्डी नहीं होती, जिससे वह बाघ, शेर या तेंदुए जैसी आवाज निकाल सके। चीता खुले मैदानों में शिकार करने का आदी होता है तथा प्रायः सप्ताह में एक बार ही शिकार करता है और वर्षभर में 50 जानवरों से उसका काम चल जाता है। माना जाता है कि चीता अपने शिकार को छोड़कर नहीं जाता और उसके शिकार में किसी की हिस्सेदारी नहीं होती। चीते की शारीरिक बनावट बहुत खास होती है। बाघ, शेर, तेंदुए तथा जगुआर की तुलना में इसका सिर काफी छोटा होता है, जिससे तेज रफ्तार के दौरान उसके सिर से टकराने वाली हवा का प्रतिरोध काफी कम हो जाता है। तेज रफ्तार से दौड़ने के लिए चीते की मांसपेशियों को बहुत ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत होती है और इस ऑक्सीजन की सप्लाई को बरकरार रखने के लिए चीते के नथुनों के साथ श्वास नली भी मोटी होती है ताकि वह कम बार सांस लेकर भी ज्यादा ऑक्सीजन शरीर में पहुंचा सके। शेर के मुकाबले चीते का दिल साढ़े तीन गुना बड़ा होता है, जो रक्त को तेजी से पूरे शरीर में पंप करता है तथा इसकी मांसपेशियों तक ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसी कारण दौड़ते समय इसे भरपूर ऑक्सीजन मिलती है। चीते की आंखों के नीचे आंसुओं जैसी काली धारियां होती हैं, जो वास्तव में सूर्य की तेज रोशनी को रिफ्लेक्ट करती हैं, जिससे चीता तेज धूप में भी साफ देख सकता है। इसकी आंखों में इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम होता है, जिसके चलते यह तेज रफ्तार में दौड़ते समय भी अपने शिकार पर फोकस बनाए रखता है।

## मानवता पर बदनुमा दाग है 'लखीमपुर'...?



लेखक-प्रभुनाथ शुक्ल /ईएमएस



पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला लखीमपुर एकबार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फ टेनी के बेटे को लेकर नहीं बल्कि दुष्कर्म की घटना को लेकर है। निघासन थाना इलाके में दो दलित बेटियों की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव गन्ने के खेत में पेड़ लटका दिया गया। मामला दलित परिवार से जुड़ा है इसलिए उत्तर प्रदेश की राजनीतिक गर्म हो चली है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर विफलता का आरोप मढ़ा है। निश्चित रूप से लखीमपुर खीरी की घटना योगी सरकार की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती है। दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर यह जिला सुर्खियों में बना रहता है। विपक्ष इस घटना की तुलना हाथरस की घटना से करने लगा है। दोनों सगी बहनों को दुष्कर्म के बाद गला घोंट कर फांसी के फंदे पर लटकाया गया। यह घटना पूरी तरह मानवता को शर्मसार करने वाली है। घटना पर मानवाधिकार आयोग ने राज्य के डीजीपी से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। लखीमपुर की घटना ने साबित कर दिया है कि समाज में दलित होना पाप है। वैसे भी बलात्कार की घटनाओं में सबसे अधिक दलित परिवार पीड़ित होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को खुद संज्ञान लिया है। दुष्कर्म के आरोप से जुड़े सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। राजनीतिक बयानों में कहा गया है कि दोनों बहनों को जबरन अपहरण कर ले जाया गया और फिर उनके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया। लेकिन लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने इस बात से इनकार किया है। दुष्कर्म के मनोविज्ञान की यह अपने आप में अनूठी घटना है। हालांकि पश्चिमी यूपी इस तरह की बलात्कार की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहता है। ऑनर किलिंग और दुष्कर्म जैसी घटनाएं वहां आम हैं। साल 2014 में ठीक इसी तरह बदायूं जिले में घटना हुई थी जहां दो बहनों का शव पेड़ से लटकता मिला था। इस घटना को कवर करने विदेशी मीडिया भी यहां आयी थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस पर कड़ा बयान जारी किया था। अपराधियों पर लगाम कसने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर संस्कृत का इजाद किया। योगी की बुलडोजर संस्कृत देश की मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी। अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी बुलडोजर संस्कृत को आगे बढ़ाने का काम किया। मध्य प्रदेश और आसाम में भी बुलडोजर संस्कृत को आगे बढ़ाया गया। उत्तर प्रदेश में अपराधियों माफियाओं के खिलाफ बाबा का बुलडोजर जमकर गरजा, लेकिन अपराधियों के हौसले पस्त नहीं हुए। अपराध के प्रति ऐसे लोगों का मनोविज्ञान नहीं बदला। दलित बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले लोग अगर बुलडोजर से डरते तो शायद इस तरह की घटना को अंजाम नहीं देते। इससे साबित होता है कि अपराधियों में बुलडोजर संस्कृत का खौफ नहीं है। दुष्कर्म की यह घटना लखीमपुर के निघासन थाने के एक गांव में हुई। जहां दो सगी दलित बहनों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस के गांव से तीन युवक आए और बेटियों को उस समय उठाकर ले गए जब वे खेत में काम कर रहीं थीं।फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद हत्या कर दिए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने निघासन चौराहे पर प्रदर्शन भी किया। हालांकि इस तरह की घटनाओं को पुलिस रोक नहीं सकती है क्योंकि अचानक ऐसी घटनाएं होती हैं। किसी भी राज्य की पुलिस के लिए दुष्कर्म करने वालों के मनोविज्ञान को पढ़ना मुश्किल है। इस तरह की घटनाएं कई स्थितियों में होती हैं। लेकिन कुछ भी हो इस तरह की घटनाएं शर्मनाक और मानवता के खिलाफ हैं। लखीमपुर खीरी की घटना के बाद बुलडोजर वाले बाबा को घेरने की कवायद शुरू हो गई। मायावती, प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे सरकार की विफलता बताया है। अखिलेश यादव ने इस घटना की हाथरस से तुलना की है। मायावती ने ट्वीट करते हुए योगी सरकार पर आरोप लगाया है कि मां के सामने दोनों बेटियों का अपहरण कर दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ हैं और सरकार की प्राथमिकताएं गलत हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि अखबारों में विज्ञापन देने से कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं होती। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध दिनों दिन बढ़ रहे हैं। लखीमपुर खीरी किसान आंदोलन के दौरान उस समय सुर्खियां बना जब केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी की बेटे ने आंदोलनकारी किसानों पर अपनी गाड़ी चढ़ा दिया था। इस घटना में चार किसानों की मौत हो गई थी। घटना को लेकर केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार की फजीहत हुई थी। विपक्ष के लाख दबाव के बाद भी मंत्रालय से नहीं हटाया गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर लखीमपुर खीरी चर्चाओं में रहा है। वर्ष 2020 के अगस्त और सितंबर महीने में तीन नाबालिग किशोरियों के साथ अलग-अलग बलात्कार और हत्या की घटनाएं हुई थी। साल 2011 में इसी थाना कैंपस में एक लड़की की लाश लटकती हुई मिली। इस मामले में एक निरीक्षक समेत 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। जिले के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि पीड़ित परिवार की सभी जायज मांगों को माना जाएगा, लेकिन कानून व्यवस्था संभालना हमारी प्राथमिकता है। निर्भया की घटना के बाद बलात्कार को लेकर देश में कड़े कानूनों का प्रावधान किए गया। उम्मीद जताई गई थी कि अब ऐसी घटनाओं पर विराम लगेगा। लेकिन कड़े कानूनों का कोई फायदा नहीं निकला। एनसीआरबी की तरफ से साल 2021 में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में हर रोज 86 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं होती है। इस दौरान दुष्कर्म के कुल 31,677 मामले दर्ज हुए। 2020 के मुकाबले दुष्कर्म के मामलों में करीब 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी। दुष्कर्म के मामलों में सबसे टॉप पर राजस्थान, मध्य प्रदेश तीसरे नंबर को उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। कुल अपराधों में उत्तर प्रदेश का स्थान 23 वां है। जबकि महिला अपराधों में इसका 16 वां है। उत्तर प्रदेश में हर दिन तकरीबन 11 दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। राज्य में हर 2 से 3 घंटे में एक बलात्कार की घटना दर्ज की जाती है। साल 2019 की रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे अधिक 11 फीसदी दलित समुदाय के लोग दुष्कर्म की घटनाओं से पीड़ित हुए। फिलहाल बलात्कार और दुष्कर्म की घटनाओं को रोकने के लिए हमें त्वरित उपाय करने होंगे। दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देने वाले व्यक्तियों में कानून व्यवस्था का डर भरना होगा। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए और अत्यधिक कठोर कानूनों की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हमें समाज की सोच बदलनी होगी। निश्चित रूप से लखीमपुर की घटना हमें शर्मसार करती है और राज्य की कानून व्यवस्था को पर सवाल खड़े करती है। राज्य पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म और गला दबाने की पुष्टि भी हो गई है। अब दलित बेटियों को सजा दिलाने का काम सरकार का है। निश्चित रूप से दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

## आज का कार्टून।




## अवसर पहचाने भारत




लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में तनाव के बीच पहली बार अमेरिकी युद्धपोत ने ड्रैगन को चेतावनी दी है। नैन्सी पेलोसी के दौरे के बाद चीन ने अप्रत्याशित रूप से ताइवान के करीब युद्धाभ्यास किया था। अब अमेरिका ने भी अपने दो मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस एंटिएटम और यूएसएस चांसलर्सविले ताइवान के समंदर में भेज दिए। अमेरिकी सेना की तरफ से कहा गया है कि यह एक रूटीन ट्रांजिट है। अमेरिका के बयान में कहा गया, दोनों ही युद्धपोत 28 अगस्त से ताइवान के समंदर में रूटीन ट्रांजिट कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय नियमों का किसी भी तरह उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। वहीं चीन ने भी इन युद्धपोतों को ट्रैक किया और फिर कहा, हम किसी भी तरह की कार्रवाई के लिए तैयार हैं। पीएलए के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा, अमेरिकी युद्धपोतों के गुजरने पर नजदीक से नजर रखी जा रही है। हर गतिविधि हमारे नियंत्रण में है। पेलोसी के दौरे के बाद अमेरिका के पांच और सांसद ताइवान पहुंचे थे। इस दौरान भी चीन ने समंदर में अपनी सेना को तैनात कर दिया था। वहीं अमेरिका के इन युद्धपोतों का भेजा जाना यही दिखाता है कि यूएस संवतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र का संदेश देना चाहता है। ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ता तनाव पूर्वी एशिया में ट्रेड और कमर्शियल ट्रेवल के लिए खतरा बन गया है। ताइवान के आसपास का समुद्री इलाका दुनिया के सबसे बिजी सी रूट्स में शामिल है। इससे पहले से दबाव झेल रही ग्लोबल सप्लाई चेन पर प्रेशर और बढ़ गया है। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब है और अगर वहां तनाव बढ़ता है तो इससे कंप्यूटर चिप्स की शॉर्टेज और बढ़ सकती है। स्मार्टफोन समेत मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक्स में कंप्यूटर चिप्स का व्यापक इस्तेमाल होता है। पहले ही दुनिया इसकी कमी से जूझ रही है। दुनियाभर के 90 प्रतिशत आधुनिक सेमीकंडक्टर ताइवान ही बनाता है।

पिछले साल ताइवान ने 118 अरब डॉलर का सिर्फ सेमीकंडक्टर निर्यात किया है। इन चिप्स का इस्तेमाल स्मार्टफोन, कार, लैपटॉप और दूसरी इलेक्ट्रॉनिक चीजों में होता है। इसके बिना इन चीजों का उत्पादन संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका ताइवान की स्थिति को लेकर चिंता में है। दूसरी ओर औद्योगिक विशेषज्ञों को इसमें अवसर दिखाई दे रहा है। चीन में संचालित अमेरिका और यूरोप की कंपनियां इस तनावपूर्ण वातावरण में अपने लिए दूसरे देशों में संभावनाएं तलाश कर रही हैं। भारत को इसका लाभ उठाने के लिए सक्रिय हो जाना चाहिए। यदि मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र की कंपनियां निवेश करती हैं तो इससे आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम बढ़ेगा। इस समय जो कुछ दुनिया में चल रहा है उसमें केवल संकट ही नहीं है अवसर भी छिपा हुआ है। चीन से अमेरिका और यूरोप की कंपनियां सिंगापुर, थाइलैंड से लेकर वियतनाम सहित अन्य देशों में अपना प्लांट लगाने को तत्पर हैं। भारत के लिए यही सही अवसर है जब वह इन विदेशी कंपनियों से बात कर यहां निवेश को लेकर प्रोत्साहित करें। इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स और आटोमोबाइल के मामले में चीन भारत से काफी आगे है। ताइवान को लेकर चीन के रुख और ताइवान के साथ अमेरिका के आने को लेकर जो स्थिति बन रही है उससे भविष्य में चीन और ताइवान के अंदर हालात काफी खराब हो सकते हैं।

## अनमोल हैं कड़वे बोल



किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दुःख दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं। सूत्र शैली में संदेश देने वाले मुनि तरूण सागर जी को अपनी वाणी को कड़वे प्रवचन कहने पर इत्मीनान यदि है तो सिर्फ इसलिए कि वे जानते हैं, इंसान की प्रवृत्ति और कभी न बदलने की उसकी जिद इतनी कठिन और जटिल है कि सीधी उंगली से घी निकालना मुमकिन नहीं है। आज साहित्य, संस्कृति और समाज के हर मंच पर महिला जागृति या नारी विमर्श का दौर ही चल पड़ा है। मुनि तरूण सागर जी साफ शब्दों में कहते हैं कि समाज पुरुष प्रधान है, परंतु याद रखना चाहिए कि महिलाओं की भूमिका पुरुषों से भी बड़ी है। वे सत्य से मुंह मोड़ने या पीछे हटने वाले समाज को न सिर्फ जगाते हैं बल्कि अपने कड़वे बोल से कोसने में भी कोई गुरेज नहीं करते। सच के पाखंडी चेहरे को पहचानने वाली उनकी गहरी दृष्टि सजग करती हैं कि वास्तव में जो सत्य है उसे किसी बनावट की जरूरत नहीं है। संघर्ष में सत्य परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं होता। छोटी-छोटी बातों से जीवन का बड़ा अर्थ निकाल लेने वाले मुनि तरूणसागर जी के बोल सचमुच अनमोल हैं। एक और उदाहरण देखिए वे कहते हैं कि प्रभु को सात बातें अच्छी नहीं लगती घमंड से भरी आंखें, झूठ से भरी जुबान, बुराई की तरफ बढ़ते कदम, झूठी गवाही, बुरी सोच, भाई को भाई से लड़ाना और खून से सने हाथ। जरा सोचिए इन बातों में आज के मनुष्य और समाज का कौन सा ऐसा पक्ष है जो शेष होगा। इंसान का दोहरापन और दुनिया का बहुरूपियापन हो या हिंसा और आतंक की कीमत पर सब कुछ हासिल कर लेने की अंधी कोशिश, मुनि तरूण सागर जी इन हालातों को बेपरदा कर देते हैं। इसके विपरीत वे जीने की कला की सारी सूत्र भी सहज रूप से बता देते हैं। प्रदूषण के सारे खतरों में विचारों के प्रदूषण को सबसे बड़ा कहने वाले मुनि श्री इस समस्या को विचारों की शक्ति से ही दूर करने के रास्ते भी सुझाते हैं, आवश्यकता बस इतनी है कि सुने हुए को जीवन में उतारने की शक्ति श्रोता स्वयं अपने भीतर पैदा करें।

## स्मार्ट इंजीनियरिंग के हाल के कुछ उदाहरण



लेखक- विवेक रंजन श्रीवास्तव ( ईएमएस)

प्रति वर्ष १५ सितम्बर को भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया का जन्म दिन इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। उन्हें नये भारत का विश्वकर्मा कहा जाता है। जब वर्ष १८८३ में विश्वेश्वरैया जी ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की तब अंगुलियों पर गिने जाने वाले इंजीनियर्स थे, औद्योगिकीकरण का प्रारंभ हो रहा था। बांध, नहरें, रेल लाइन, सड़कें, जल प्रदाय, भवन, विद्युतीकरण आदि अनंत विकास कार्य किये जाने थे। अपनी प्रतिभा और अथक मेहनत से विश्वेश्वरैया जी ने अपनी समर्पित कार्यकारी छबि बनाई और देश को जाने कितने ही सफल प्रोजेक्टस दिये। पंडित नेहरू ने कल कारखानो को नये भारत के तीर्थ कहा था, इन्ही तीर्थों के पुजारी, निमार्ता इंजीनियर्स को आज अभियंता दिवस पर बधाई। आज दुनियां में भी भारतीय इंजीनियर्स ने अपनी विद्वता और मेहनत से यही छबि बनाने में सफलता पा ली है। भारत के आई आई टी जैसे संस्थानो के इंजीनियर्स ने विश्व में अपनी कार्य प्रणाली से भारतीय बुद्धि की श्रेष्ठता का समीकरण अपने पक्ष में कर दिखाया है।

**नोएडा के ट्विन टावर्स का ध्वस्त किया जाना ...**

जहाँ भ्रष्टाचार और घोलमाल से, राजनैतिक शह पर नोयडा में सुपरटेक के गगन छूते ट्विन टावर्स तान दिये गये थे वहीं न्यायालय के आदेश पर कुछ सेकेंड में सघन आबादी में बिना और कहीं नुकसान के इन ट्विन टावर्स को धूल धूसरित करने के इंजीनियरिंग के स्मार्ट करिश्में भी हैं। जिस पर गर्व किया जाना चाहिये। 28 अगस्त 2022 को दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया, एडिफिस कंपनी को इन टावर्स को गिराने का जिम्मा दिया गया था। टावर सोक ट्यूब



सिस्टम के तहत ध्वस्त किए गये। इस तकनीक में मलबा पानी के झरने की तरह सीधे नीचे गिरता है। टावर को गिराने के लिए सेकेंड दर सेकेंड अलग अलग हिस्सों में नियंत्रित विस्फोट किए गये टावर गिरने की शुरूआत बेसमेंट से की गई। फिर एक-एक कर स्लैब ढ़हा दिये गये। दोनों टावर का पहला फ्लोर पहले सेकेंड और अंतिम फ्लोर सातवें सेकेंड में ध्वस्त हो गया। एमरॉल्ड कोर्ट में बने 97 मीटर ऊंचे 29 मंजिला सियान टावर में पहले धमाका किया गया। कुछ पल बाद 103 मीटर ऊंचा, 32 मंजिला एपेक्स टावर धराशायी किया गया। ध्वस्त किये गये टावर्स से केवल नौ मीटर की दूरी पर स्थित सोसायटी में लोग रह रहे हैं यह महत्वपूर्ण बात है। इस सदी ने प्रारंभ में ही आतंकी गतिविधि में न्यूयार्क के ट्विन टावर्स से हवाई जहाजों को टकराते और उन्हें हजारों लोगों की मृत्यु के दुखद हादसे के रूप में देखा था। उस दुखद घटना के बाद सारी दुनियां ने नोएडा के ट्विन टावर्स को कंट्रोल्ड स्मार्ट इंजीनियरिंग के साथ पल भर में गिराये जाते देखा।

**ओंकारेश्वर बांध के जलाशय पर दुनियां का सबसे बड़ा तैरता सोलर बिजली घर ...**

मध्य प्रदेश में दुनिया में सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट नर्मदा नदी पर स्थित ओंकारेश्वर बांध में बनाया जा रहा है। परियोजना के अनुसार ओंकारेश्वर बांध पर तैरते हुये सोलर पैनल लगाए जाने हैं। दुनिया में अब तक केवल 10 इस तरह के फ्लोटिंग पावर प्लांट हैं। ओंकारेश्वर में निमार्णाधीन यह प्लांट दुनिया का सबसे बड़ा, तैरता सोलर प्लांट होगा, क्योंकि पूर्ण हो जाने पर इसकी क्षमता 600 मेगावाट होगी। इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में पूरा किया जायेगा। पहले चरण में 278 मेगावाट की परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। अब तक, सौर परियोजनाएं आम तौर पर भूमि पर विकसित की जाती थीं जिससे ढ़ेर सारी जमीन बेकार हो जाती थी। बांध के वाष्पीकृत होते पानी की भी बचत इन पैनल्स के लग जाने से होगी। इस सोलर पार्क परियोजना की स्थापना से प्रति वर्ष 1200 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा बिजली के रूप में प्राप्त होगी। बिना आबादी के विस्थापन हुये, बांध में फैले जल संग्रहण पर तैरती परियोजना स्मार्ट इंजीनियरिंग का नमूना है। आटीर्फीशियल इंटेलीजेंस के वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्मार्ट इंजीनियरिंग लगातार विकसित हो रही प्रणालियों, उत्पादों और अनुप्रयोगों के लिए अपरिहार्य होती जा रही है। इंजीनियरिंग हार्डवेयर सिस्टम और सॉफ्टवेयर का अधिकाधिक समन्वित प्रयोग हितधारकों, विकास, परिनियोजन, निर्माण और संचालन में विभिन्न भूमिकाओं के साथ विस्तार प्राप्त कर रहा है। समय की मांग है कि इंजीनियरिंग के एनालिटिकल समाधान, सामाजिक उद्देश्य के साथ साथ व्यापार, और विकास में तालमेल बनाये रखा जाये। डेटा निर्भर ए आई सिस्टम के सिमुलेशन और सॉफ्टवेयर, इंजीनियरिंग लागत को तथा परियोजना निर्माण के प्रभावी समय को कम करने वाले विकल्प प्रदान करते हैं। वर्तमान में प्रत्येक परियोजना के स्मार्ट इंजीनियरिंग समाधानों की आवश्यकता है एवं इस क्षेत्र में विकास के अभूतपूर्व नये नये अवसर तथा संभावनायें हैं।

# स्कूलों में अध्यापकों, अस्पतालों में दवा, चिकित्सकों व किसानों को खाद का टोटा: चौटाला


**भिवानी, (हि.स.)।** इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि 3206 नौकरियां देने पर उन्हें 10 वर्ष के लिए जेल भेजा गया था। इस बार इनेलो की सरकार आने पर वे हर घर में सरकारी नौकरी देंगे, चाहे उसके बाद उन्हें फांसी हो जाए। उन्होंने कहा कि विपक्षियों ने यह दुष्प्रचार किया था कि ओमप्रकाश चौटाला का तो जेल में ही जीवन समाप्त हो जाएगा और इनेलो का वजूद खत्म हो जाएगा। इनेलो कार्यकताओं ने हौसला नहीं छोड़ा तथा उनकी गैर मौजूदगी में भी संगठन को ओर अधिक मजबूत करने का काम किया। पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला सोमवार को तोशाम हल्के के गांवों में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। वे यहां पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ चौ. देवीलाल की जयंती अवसर पर 25 सितंबर को फतेहाबाद में आयोजित होने वाली रैली के लिए निमंत्रण देने पहुंचे थे। मिराण में माईपर्सन सिहाग के घर रूके तथा वहां पर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए आह्वान किया कि कार्यकर्ता सत्ता की



भूख छोड़ संगठन को अत्यधिक सशक्त बनाने का काम करें। ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि जब इनेलो ने सत्ता छोड़ी तो दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का खजाना छोड़ा था, लेकिन अब सरकार के सिर अढ़ाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्जा है। आज प्रदेश के यह हालात यह है कि स्कूलों में अध्यापक नहीं, अस्पतालों में दवा और चिकित्सक नहीं, किसानों को खाद एवं बीज खरीदने तथा फसल बेचने के लिए लाइनों में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां अभी तक यह निर्णय नहीं कर पाई कि वह पंचायती चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेंगी या नहीं, जबकि इनेलो ने यह चुनाव पार्टी सिंबल पर लडऩे का फैसला ले लिया है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बनी है। आज सरकार समर्थक विधायकों को भी एसआई की नौकरी के लिए पैसे देने पड़ रहे हैं।

# 25 सितंबर को फतेहाबाद में होगा तीसरे मोर्चे का गठन: सुनैना चौटाला

**जींद, (हि.स.)।** इनेलो नेता सुनैना चौटाला सोमवार को पहुंची और एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हलकाध्यक्ष कृष्ण लाठर ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि 25 सितंबर को पूर्व उप प्रधामंत्री देवी लाल के जन्मदिवस पर सम्मान रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे देश भर से बड़े बड़े नेता शिरकत करेंगे। श्री चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार की नीतियों के चलते हर वर्ग दुखी और त्रस्त है। 25 सितंबर को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और इनेलो सुप्रीमों ओमप्रकाश चौटाला तीसरे मोर्चे का गठन करेंगे। तीसरा मोर्चा



भाजपा की आंखे खोलने का काम करेगा। जुलाना हलका इनेलो का गढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हलकाध्यक्ष कृष्ण लाठर के नेत्तृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवांएगे। हलकाध्यक्ष कृष्ण लाठर ने कहा कि आज हर वर्ग को अपने हक पाने के लिए सड़कों पर उतर कर संघर्ष करना पड़ रहा है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी।

# धरे रह गये भाजपा के रोजगार देने व महंगाई घटाने के दावे: दलबीर किरमारा

**-जनता का ध्यान भटकाने के लिए खरीद रहे चीते, गायों को हो रही दुर्दशा**

**-जनसुविधाओं के लिए जनता से आम आदमी पार्टी के साथ जुडऩे की अपील**

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दलबीर किरमारा ने देश में बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई तथा घटते रोजगार पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के कारण बेरोजगारी व महंगाई सुरसा के मुख की तरह बढ़ रहे हैं लेकिन इस पर नियंत्रण की बजाय केन्द्र सरकार चीते खरीदकर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। दलबीर किरमारा ने सोमवार को कहा कि



वर्ष 2014 के आम चुनाव से पहले भाजपा ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा व दावा किया था। इसके साथ ही यूपीए शासनकाल में महंगाई के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने वाली भाजपा महंगाई पर नियंत्रण कर पाने में भी नाकाम रही है। चुनाव में किया गये वादे व दावे जब भाजपा पूरे नहीं कर पाई तो उसने हर चुनाव में नये-नये बेसिर-पैर के मुद्दे लाकर जनता को भ्रमित करना शुरू कर दिया। हाल ही में केन्द्र सरकार ने नामीबिया से चीते खरीदे हैं, केन्द्र सरकार व भाजपा नेता जनता के सामने स्पष्ट करे कि आखिर इन चीतों से देश की जनता को क्या फायदा होगा, क्या ये चीते महंगाई पर रोक लगाएंगे, क्या ये बेरोजगारों को रोजगार देंगे या देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में कुछ मदद करेंगे।

# जिला को कुपोषण मुक्त बनाने की मुहिम में जन-जन की भागीदारी जरूरी: सांसद सुनीता दुग्गल

**-सांसद सुनीता दुग्गल ने अभिनंदन नन्ही परी योजना का किया शुभारंभ**

**सिरसा, (हि.स.)।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि पौष्टिकता को दिनचर्या में शामिल करते हुए कुपोषण के खात्मे के संकल्प के साथ पोषण माह मनाया जा रहा है। सरकार द्वारा इस पोषण माह के दौरान विभिन्न विभागों के सामंजस्य के साथ महिला एवं स्वास्थ्य, पोषण भी-पढ़ाई भी और जल संरक्षण व प्रबंधन के लक्ष्य के अनुरूप विशेष कार्य योजना के अनुरूप अधिक से अधिक जनभागीदारी करवाने पर जोर दिया जा रहा है। सांसद सुनीता दुग्गल सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित जिला स्तरीय राष्टीय पोषण माह कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। सांसद ने कार्यक्रम में महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत 'अभिनंदन नन्ही परी मुहीम का भी



शुभारंभ किया। इससे पहले सांसद ने पंचायत भवन के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में आंगनबाड़ी केंद्रों पर निरंतर गतिविधियां आयोजित करने के साथ-साथ खंड, तहसील स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करें ताकि इस मुहिम को जन आंदोलन का रूप देते हुए जिला को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार और उचित पोषण के प्रति जागरूकता के लिए इस अभियान में सबकी भागीदारी अपेक्षित है। स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार का बड़ा महत्व है, विशेषकर महिलाओं, किशोरियों व बच्चों की पोषण जरूरतों को संतुलित आहार से ही पूरा किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह ने कार्यक्रम में सांसद सुनीता दुग्गल का स्वागत किया और 'अभिनंदन नन्ही परी योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिला सिरसा में सभी पीएचसी, सीएचसी व सिविल हस्पताल में जन्म लेने वाली प्रत्येक बालिका को उसके जन्म पर 1100 रुपये की नकद राशि, स्वीट बाक्स व बधाई-पत्र प्रदान किया जाएगा।

# मूक-बधिर जन को शैक्षणिक रूप से सशक्त करने की सख्त जरूरत: डॉ. शरणजीत

**रोहतक, (हि.स.)।** समाज के हाशिए पर रह रहे समुदायों, विशेष रूप से मूक-बधीर जन के प्रति संवेदनशील होकर उनको शैक्षणिक रूप सशक्त करने की आज सख्त जरूरत है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र से टीचिंग ऑफ इंडियन साइन लैंगवेज पाठ्यक्रम प्रारंभ कर नूतन पहल की है। यह बात हरियाणा सोसायटी फॉर पर्सन्स विद स्पीच एण्ड हियरिंग इम्पैयरमेंट की चेयरपर्सन डा. शरणजीत कौर ने कही। वे एमडीयू में आयोजित सांकेति भाषा जागरूकता कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स भारतीय सांकेतिक भाषा को सीखकर समाज में इस भाषा के ध्वजवाहक बनें। उन्होंने कहा कि समाज में कोई भी मूक-बधिर व्यक्ति उच्च शिक्षा तथा रोजगार से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनईपी 2020 में समावेशी शिक्षा के तहत भारतीय सांकेतिक भाषा को स्थान दिया है, जो एमडीयू द्वारा भारतीय सांकेतिक भाषा शिक्षा की पहल सामाजिक बदलाव का सूत्रपात करेगी। इस अवसर पर सेंटर ऑफ डिसएबिलिटी स्टडीज के निदेशक प्रों. राधेश्याम ने कहा कि मूक-बधिर व्यक्तिओं को समाज की मुख्यधारा में लाने की जरूरत है। भारतीय सांकेतिक भाषा का शिक्षण एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर डा. सोनू देहमीवाल, डा. श्रीभगवान, पल्लवी, डा. अंजू पंवार, डा. जितेन्द्र राठी, रामनाथ सिंह, सीताराम, अंजलि, शिल्पा, सुनित मुखर्जी, पंकज नैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मिर्जापुर गांव में बच्चों ने स्कूल को ताला जड़ लगाए नारे

**-411 बच्चों की संख्या वाले स्कूल को चला रहे हैं तीन अध्यापक**

**हिसार, (हि.स.)।** निकटवर्ती गांव मिर्जापुर के कन्या मिडल स्कूल में अध्यापकों की कमी के रोषस्वरूप ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने सोमवार को ताला जडकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने स्कूल की प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों व विद्यार्थियों का कहना है कि पिछले लगभग एक माह से स्कूल दो-तीन अध्यापकों के सहारे चलाया जा रहा है। स्कूल में 411 विद्यार्थी है। ग्रामीणों व छात्रों ने कहा कि एक महीने से उनके स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही है। विद्यार्थियों ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि परीक्षा में कुछ माह का ही समय है। ऐसे



में अगर वे फेल हो जाएंगे तो घरवालों को क्या जवाब देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल से अध्यापकों का तबादला तो कर दिया लेकिन उनके बदले में और अध्यापक नहीं भेजे जा रहे हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उन्होंने दो दिन समय दिया है अगर दो दिन में स्कूल में अध्यापकों कमी पूरी नहीं होगी तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। दूसरी तरफ स्कूल की अध्यापिका ने कहा कि उन्होंने इस बारे में जिले के शिक्षा अधिकारियों से बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि बच्चों की समस्या को शीघ्र दूर किया जाएगा।

# स्कूल को मर्ज किए जाने पर दालमवाला स्कूल पर जडा ताला

**जींद, (हि.स.)।** गांव दालमवाला के ग्रामीणों ने सोमवार को राजकीय कन्या मिडल स्कूल व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को मर्ज किए जाने के रोष स्वरूप ताला जड़ दिया और सरकार तथा शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि वो किसी भी सूरत में सकूल को मर्ज नहीं होने देंगे। सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से दूर करना चाह रही है। जिसके चलते ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं। गांव दालमवाला के ग्रामीण सोमवार को लामबंद होकर राजकीय कन्या मिडल स्कूल व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर पहुंचे और ताले जड़ दिए और स्कूलों के बाहर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार राजकीय कन्या मिडल स्कूल को बंद करने का प्रयास कर रही है और इस स्कूल के बच्चों को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दालमवाला में मिलाना चाहते हैं। सरकार द्वारा लाई गई रेशनेलाइजेशन के तहत अध्यापकों के तबादले भी कर दिए गए हैं। उनके दोनों ही स्कूलों में बच्चों की संख्या अच्छी खासी है। यहां बच्चे नियमित रूप से अपनी पढाई कर रहे हैं। अब सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण बच्चे अपनी पढ़ाई सुचारू न रख सकें और उन्हें मजबूरन निजी स्कूलों में बच्चों के दाखिले करवाने पड़ें। ग्रामीणों ने मांग की कि राजकीय कन्या मिडल स्कूल को ज्यों का त्यों रखा जाए और इसे मर्ज नहीं किया जाए। ग्रामीणों के लामबंद होने पर बीईओ सुशील कुमार जैन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से कहा कि वो लिखित में शिकायत दें। जिसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। उच्च अधिकारियों द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा उससे ग्रामीणों को अवगत करवा दिया जाएगा। फिलहाल ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हैं।

# रोहतक के चिडियाघर में जल्द देखने को मिलेंगे बब्बर शेर व भालू

**-मंडल आयुक्त जगदीप सिंह ने चिडिय़ा घर का किया निरीक्षण**

**-बोले, मैसूर से भेड़िया लाने के लिए पत्राचार लगातार जारी**

**रोहतक, (हि.स.)।** रोहतक के चिडियाघर में जल्द ही बब्बर शेर व भालू भी देखने को मिलेगे। साथ ही वन्य प्राणि विभाग द्वारा मैसूर से भेडिया लाने हेतु भी लगातार पत्राचार जारी है। सोमवार को मंडल आयुक्त जगदीप सिंह ने तिलियार पर्यटन केन्द्र स्थित चिडियाघर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिडियाघर में रखे गये वन्य जीवों के पिंजरे के डिजाइनों का अवलोकन किया गया। साथ ही अधिकारियों को आवश्य दिशा निर्देश दिए। चिडियाघर में 31 प्रजातियों के 177 वन्य पशु पक्षी रखे हुए है। चिडिया घर में पर्यटकों के बैठने के लिए शेड, रात्रिचर वन्य जीवों का घर, वन्य प्राणियों के ईलाज के लिए अस्पताल व



पर्यटकों के लिए रास्तों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मंडल आयुक्त ने चिडियाघर में पिछले वर्ष बनाए गए बब्बर शेर तथा भालू के लिए बनाए गए पिंजरों में जानवर लाने बारे चल रही कार्यवाही का भी संज्ञान लिया। मंडल आयुक्त जगदीप सिंह ने कहा कि शहरवासियों को शीघ्र ही बब्बर शेर व भालू चिडियाघर में देखने को मिलेगें। इसके अतिरिक्त चिडियाघर में भेडिया लाने के लिए मैसूर चिडियाघर से पत्राचार जारी है, जिसकी शीघ्र ही स्वीकृति प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चिडियाघर के सौन्र्दयकरण के लिए इस वर्ष छायादार व सजावटी लगभग एक हजार पौधों का पौधारोपण भी किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए चिडियाघर में अलग से टिकटघर, शौचालय, मातृ शिशुकक्ष, पार्क-पार्किंग एवं पीने के पानी की सुविधा भी प्रदान की गई है। इस अवसर पर शिव सिंह रावत, मनोज कुमार, डॉ. अशोक खासा, देवेन्द्र हुड्डा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति की पूरे विश्व में अलग पहचान: राजेश जैन

**रोहतक, (हि.स.)।** पुरानी आईटीआई मैदान में 26 सितंबर से शुरू होने वाले रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सोमवार को रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कमेटी संरक्षक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पूरे विश्व में अलग पहचान है, लेकिन आज की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति को छोडकर पश्चिमी सभ्यता को ज्यादा महत्व दे रही है। यह एक दुखद पहलू है। उन्होंने कहा कि भारत ऋ षि-मुनियों की तपोभूमि रही है। इसलिए युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। राजेश जैन ने बताया कि 26 सितंबर से लेकर छह अक्टूबर तक पुरानी आईटीआई मैदान में रामलीला महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन पर चित्रण प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष कमेटी द्वारा बडे धूमधाम से रामलीला उत्सव का आयोजन किया जाता है और इस बार काशी विश्वनाथ कोरिडोर की आकृति वाला मंच आकर्षक का केन्द्र रहेगा। उन्होंने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध भी किए गए है। रामलीला उत्सव निमंत्रण पत्रिका विमोचन के अवसर पर महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी, महामंडलेश्वर कालिदास महाराज, महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपुरी, सुभाष तायल, राजीव जैन व सन्नी निझावन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# देश में गायों से ज्यादा चीतों को दी जा रही अहमियत : नवीन जयहिंद

**रोहतक, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने कहा कि आज प्रदेश में सबसे ज्यादा हालत खराब गऊ माता की बनी हुई है और सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि लाखो दुधारू पशु लंपी वायरस नामक बीमारी की चपेट में है, लेकिन सरकार को गायों से ज्यादा चीतो को ज्यादा अहमियत दे रही है। नवीन जयहिंद ने कहा कि गाय के नाम पर वोट मांगकर सत्ता में आई भाजपा सरकार आज अपने सब वायदे पूरी



तरह से भूल चुकी है और सरकार के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश है। सोमवार को आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयहिदं कोर्ट काम्पलेक्स पहुंचे और करीब चार साल पहले चल रहे मामले में पेश हुए। मामले में अगली सुनवाई छह फरवरी 2023 तय हुई। दरअसल प्रदेश में जयहिंद द्वारा खुट्टा गाड अभियान चलाया गया था, जिसके तहत वितमंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु के घर के बाहर खुट्टा गाड़कर गाय बांधी थी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज भी गायों की स्थिति दयनीय बनी हुई। लंपी वायरस नामक बीमारी से लाखों गाय मर रही है और सुनने वाला कोई भी नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में गायो की जगह चीतों को अहमियत दी जा रही है।


# हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अधिकारियों ने की बैठक

**पंचकूला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सोमवार को हिमाचल की सीमा के साथ लगते पचंकूला और रोपड़ के शीर्ष अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में पचंकूला के उपायुक्त महावीर कौशिक, पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र पाल सिंह के अलावा उपायुक्त सोलन, पुलिस अधीक्षक सोलन, पुलिस अधीक्षक बद्दी, उपायुक्त रोपड, पुलिस अधीक्षक रोपड़ तथा तीनों जिले के आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि पंचकूला जिला में मोरनी की सीमा, हिमाचल के नाहन और सिरमौर तथा कालका पिंजोर की सीमायें हिमाचल के सोलन से लगती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने जिला सिरमौर के उपायुक्त राम गौतम तथा पुलिस अधीक्षक श्री ओमपति जमवाल के साथ बैठक कर चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की थी। महावीर कौशिक ने बताया कि हिमाचल के साथ लगते




जिलों में चुनावों के दौरान बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिये पंचकूला प्रशासन के अधिकारी नियुक्त किये गये। एसडीएम पंचकूला को सिरमौर के लिये तथा एसडीएम कालका को सोलन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित करने के लिये एसीपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को भी नोडल अधिकारी लगाया गया। उपायुक्त ने बताया कि पंचकूला में हिमाचल सीमा के तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित शराब के ठेके चिन्हित कर लिए गए हैं तथा चुनावों के दौरान शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिये पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हिमाचल की सीमा के साथ लगते कालका, पिंजौर और चंडीमंदिर थाना क्षेत्र में 8 नाके लगाए गए हैं, जिसमें 24 घंटे 10-10 पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए पंचकूला पुलिस द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी, जिसके लिये संबंधित एसीपी और एसएचओ को निर्देश जारी किए गए है।

# लद्दाख में 4.3 की तीव्रता का भूकंप आया, कोई नुकसान नहीं




**लद्दाख (ईएमएस)।** भारतीय क्षेत्र लद्दाख में सोमवार को भूकंप के झटकों का कंपन महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि लद्दाख के करगिल में सुबह 9.30 बजे ये झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.3 थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे था। इससे पहले शनिवार-रविवार को 24 घंटे में ताइवान में तीन भयानक भूकंप आए थे। इन भूकंपों में काफी नुकसान हुआ था। ताइवान में कई जगहों पर सड़कें टूट गई हैं। ब्रिज गिर गए हैं। ट्रेनें पटरियों से उतर गई थीं। ब्रिज टूटने की वजह से कई गाड़ियां ब्रिज के नीचे गिर गईं। भूकंपों के चलते ताइवान से लेकर जापान तक सुनामी का अलर्ट जारी किया गया था। इन भूकंपों की तीव्रता 6.4 से लेकर 7.2 थी। इससे पहले 16 सितंबर को भी लद्दाख में सुबह 4.19 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप विज्ञान केन्द्र के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.8 थी। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केन्द्र अलची (लेह) के उत्तर में 189 किलोमीटर पर था और इस्की गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी। नेशनल सेंटर फॉर सिमोलॉजी ने भारत और आसपास के देशों में अगस्त में 107 भूकंप को रिकॉर्ड किया है। इनमें से 99 भारत के विभिन्य राज्यों में आए। भारत में आए भूकंप की तीव्रता 3.0-3.9 और 4.0-4.9 के बीच मापी गई। जम्मू कश्मीर में अगस्त में 14 बार भूकंप आया। ये सभी भूकंप 2.6 से 4.1 तीव्रता के थे। 14 बार आए भूकंप में से 9 बार डोडा में आया। 3 बार उधमपुर में, 2 बार किश्तवाड़ में आया है। डोडा में सबसे अधिक तीव्रता का भूकंप 24 अगस्त को आया था। उस वक्त भूकंप की तीव्रता 4.1 थी।

# ब्रिटेन के लीसेस्टर में दो समुदाय में धार्मिक स्थल पर हमले के बाद हिंसक दंगे, पुलिस फोर्स तैनात



**लंदन (ईएमएस)।** ब्रिटेन की लीसेस्टर सिटी में दो संप्रदाय में धार्मिक स्थल पर हमले के बाद हिसंक झड़प के बाद तनाव को काबू में करने भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस झड़प की शुरूआत करीब एक हफ्ते पहले ही हो गई थी। तब एक समुदाय ने दूसरे के धार्मिक प्रतीक को उखाड़ दिया था। रविवार रात को दोबारा एक समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर दूसरे समुदाय के पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद लीसेस्टर समेत ब्रिटेन के कई हिस्सों में तनाव दोबारा बढ़ गया है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते देखा जा सकता है। भीड़ ने दूसरे समुदाय के पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की। इस घटना के बाद एक धार्मिक संगठन ने प्रवक्ता ने कहा कि कल बेलग्रेव रोड पर एक बड़े समूह को विरोध प्रदर्शन करते, हिंसा और आतंक फैलाते देखा गया। इन लोगों ने एक धर्म के पूजा स्थल में तोड़फोड़ भी की। हम इस तरह के व्यवहार को देखकर हैरान और दुखी हैं। कृपया सुरक्षित रहें, हम अपने समुदाय से व्यवस्था बनाए रखने, एकता में रहने और शांति की आशा करते हैं। लीसेस्टर के पुलिस प्रमुख ने भी एक वीडियो जारी कर लोगों से इस हिंसा में शामिल न होने का आग्रह किया। कल रात जारी किए वीडियो में चीफ कांस्टेबल रॉब निक्सन ने कहा, 'हमें शहर के पूर्वी लीसेस्टर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अव्यवस्था के फैलने की कई रिपोर्टें मिली हैं। सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्हें लोगों को खदेड़ने और किसी को भी रोककर जांच करने की शक्तियां दी गई हैं। कृपया कोई भी ऐसे प्रदर्शनों में शामिल न हों। हम सभी से शांति बनाए रखने की मांग कर रहे हैं। लीसेस्टरशायर के पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार रात और रविवार सुबह दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष के पूजा स्थल पर हमले की खबरें सच नहीं है। पुलिस को हिंसा और संपत्तियों को पहुंचे नुकसान के कई घटनाओं की सूचना दी गई है और जांच की जा रही है। हम लीसेस्टर के मेल्टन रोड पर एक धार्मिक इमारत के बाहर एक आदमी को झंडा खींचते हुए एक वीडियो के बारे में जानते हैं। हम स्थानीय समुदाय के नेताओं के समर्थन से बातचीत और शांति का आह्वान करना जारी रख रहे हैं। हम अपने शहर में हिंसा या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# मंकीपॉक्स का खौफ, चीन के शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने किया आगाह, कहा- विदेशियों को मत छुओ




**बीजिंग (ईएमएस)।** दुनिया में मंकीपॉक्स का खौफ बरकरार है और ऐसे में चीन के एक उच्च स्वास्थ्य अधिकारी ने विदेशियों को न छूने की चेतावनी दी है। कारण है चीन में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि। जिसके बाद चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुख्य महामारी विज्ञानी वू जुनयू ने चीन के ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर चेतावनी दी। उन्होंने लिखा कि देश के कोविड-19 प्रतिबंधों और कड़े बॉर्डर कंट्रोल ने अब तक मंकीपॉक्स के प्रसार को रोका है। हालांकि एक मामला सामने आने के बाद अब खतरे का स्तर काफी बढ़ गया है। वू ने अपने पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय यात्रा और निकट संपर्क से फैलने वाली बीमारी के जोखिम पर जोर देते हुए लिखा कि मंकीपॉक्स की निगरानी और रोकथाम को मजबूत करना आवश्यक और महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता से पांच अपील की। इसमें पहला- विदेशियों के साथ त्वचा से त्वचा का संपर्क न करने की थी। उनके इस अपील ने चीनी सोशल मीडिया पर विवाद पैदा कर दिया। कुछ लोगों ने उनकी सलाह को उचित बताया तो कुछ ने इस पर गुस्से का भी इजहार किया। एक वीवो यूजर ने लिखा कि देश की सीमाएं खोलना अच्छा है, लेकिन हम सब कुछ अंदर नहीं आने दे सकते हैं। लेकिन अन्य लोगों ने वू के सुझाव को भेदभावपूर्ण और देश के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि यह जोनोफोबिया है कि हम विदेशी नागरिकों से हाथ नहीं मिला सकते, उनसे गले नहीं मिल सकते। हम कोविड-19 महामारी की शुरूआत से ही इसका सामना कर रहे हैं।

एक वीबो यूजर ने लिखा कि यह कुछ ऐसा है जब महामारी शुरू हुई थी, जब विदेशों में कुछ लोगों ने किसी भी चीनी नागरिक से मिलने से परहेज किया था, जिसे उन्होंने डर से देखा था। मुझे नहीं लगता कि इन दो चीजों का कोई वैज्ञानिक आधार है, वे बहुत व्यापक हैं और लोगों के बीच आतंक को बढ़ाएंगे। कुछ लोगों ने कहा कि चीन में कई विदेशी कामगार और लंबे समय तक निवास करने वाले लोग भी हैं। जिनमें से कई ने हाल में ही किसी दूसरे देश की यात्रा नहीं की है। ऐसे में वे लोग हमारे लिए खतरा कैसे हो सकते हैं। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि जब कोविड महामारी शुरू हुई थी, तो हमारे कुछ विदेशी मित्र खड़े हो गए और अपने स्वंय के प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल कर दुनिया को यह बताया कि चीनी लोग वायरस नहीं हैं। बाद में, जब हमारे देश कोरोना पर नियंत्रण पाया गया, तब हमारे विदेशी मित्रों को भेदभाव का सामना करना पड़ा, लेकिन इस समय कई चीनी लोग अपने स्वयं के प्लेटफार्मों पर पूरी तरह चुप थे। चीन में मंकीपॉक्स के पहला मामला चोंगकिंग में सामने आया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, संक्रमण का पता तब चला, जब विदेश से आए एक शख्स को कोविड-19 के तहत क्वारंटीन किया गया था। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि मंकीपॉक्स संक्रमित व्यक्ति चीनी है या विदेशी नागरिक। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति को बुखार के लक्षण आते हैं और शरीर पर छाले जैसे कई घाव बन जाते हैं। मंकीपॉक्स की दोबारा शुरूआत इसी साल मई में हुई है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस साल अब तक अमेरिका में 23,500 मामले सामने आए हैं।

# इमरान खान को राहत, आतंकवाद के आरोपों को हटाने का आदेश



**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तानी अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत देकर एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में उनके खिलाफ लगे आतंकवाद के आरोपों को हटाने का आदेश दिया। गत 20 अगस्त को एक रैली के दौरान 69 वर्षीय खान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ हुए व्यवहार को लेकर शीर्ष पुलिस अधिकारियों, निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। खान ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी की भी आलोचना की थी, जिन्होंने पुलिस के अनुरोध पर गिल की दो दिन की हिरासत को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा था कि न्यायाधीश चौधरी को "तैयार रहना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।" भाषण के कुछ घंटों बाद पुलिस, न्यायपालिका और अन्य संस्थानों को धमकी देने के आरोप में खान के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने मामले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जहां मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनाल्लाह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। फैसले की घोषणा करते हुए पीठ ने खान के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून की धारा-7 के तहत लगे आरोपों को हटाने का आदेश देकर कहा कि अन्य आरोपों में मामले में संबंधित फोरम में सुनवाई जारी रहेगी।

# ईरान में महिलाओं ने फेंके हिजाब, लामबंद हो सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**तेहरान (ईएमएस)।** ईरान में हिजाब की अनिवार्यता को लेकर से महिलाएं विरोध प्रदर्शन पर उतर आई हैं, विवाद रविवार को और गहरा गया। इस शिया मुल्क में हिजाब पर बरती जा रही कट्टरता के विरोध में सैकड़ों महिलाएं रविवार को देश के पश्चिमी हिस्से में सड़कों पर उतर आईं। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं ने अपने हिजाब को उतारकर फेंक दिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। इसका विडियो दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया। ईरानी लड़कियों ने देश के कई यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया है। सोशल मीडिया में हिजाब के खिलाफ जमकर पोस्ट किए जा रहे हैं।

**क्यों हुआ प्रदर्शन?** - 22 साल की महसा अमिनी की मौत से ये महिलाएं गुस्से में हैं। महसा पश्चिमी ईरान में साकेज की रहने वाली थीं। वह परिवार से मिलने 13 सितंबर को तेहरान आई थीं। वह हिजाब के खिलाफ थीं, इसलिए उन्होंने उसे नहीं पहना था। पुलिस ने महसा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के 3 दिन बाद 16 सितंबर को उनकी मौत हो गई।

**हिरासत में मौतः** चश्मदीदों ने बताया कि गिरफ्तारी के वक्त महसा पूरी तरह ठीक थीं। उन्हें पुलिस की गाड़ी में बेरहमी से पीटा गया। कुछ घंटों बाद परिवार को बताया गया कि महसा को दिल का दौरा आया था और वह आईसीयू में हैं। ईरान की पुलिस ने पिटाई के आरोपों से इनकार किया है। ईरान में सार्वजनिक जगहों पर हिजाब पहनना अनिवार्य है। हिजाब उतारना वहां अपराध है। इसकी अवहेलना पर गिरफ्तारी होती है। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने गृह मंत्रालय से कहा है कि वह महसा के मौत के मामले में जांच करें। सरकार विरोधी नारेः पश्चिमी कुर्दिस्तान के साकेज में महसा अमिनी के अंतिम संस्कार पर उसे न्याय दिलाने की मुहिम तेज हुई। सुबह से ही लोग जुटना शुरू हुए, जिससे कि ईरानी सुरक्षाबलों को चुपके से शव दफनाने न दिया जाए। साकेज के कब्रिस्तान से सामने आए विडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाएं अपना हिजाब फेंक रही हैं। वे डेथ टु डिक्टेटर यानी तानाशाह को मौत के नारे लगा रही हैं।

**प्रदर्शन फैलाः** कुर्दिस्तान की राजधानी सननदाज में भी विरोध प्रदर्शन हुए। कुछ लोगों ने गवर्नर के दफ्तर तक मार्च भी किया। पुलिस ने वहां से कई लोगों को गिरफ्तार किया है। दमन भी तेजः ईरानी मीडिया का दावा है कि पुलिस ने साकेज के शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और उन पर फायरिंग भी की। इसमें कई लोग घायल हुए हैं। एक ईरानी पत्रकार और कार्यकर्ता मसीह अलीनेजाद ने इस विडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया और दुनियाभर से एकजुटता दिखाने की अपील की। ईरानी पत्रकार अलीनेजाद के मुताबिक, यह ईरानी महिलाओं के साथ घटने वाली सच्ची घटनाएं हैं। उन्होंने लिखा, ईरानी महिलाओ! जबरन थोपा गया अपना हिजाब उतारो, उत्पीड़न के सबसे दृश्यमान प्रतीक को जलाओ। यह मत भूलो कि महसा अमिनी को हिजाब न पहनने पर मॉरल पुलिस ने मार दिया था और अब हम सभी महसा हैं। हम सभी अनिवार्य हिजाब और इस्लामी गणराज्य के खिलाफ विरोध करते हैं। हम स्वतंत्रता चाहते हैं।

## आज का इतिहास 20 सितम्बर

1388 दिल्ली के सुल्तान फिरोज तुगलक शाह तृतीय का निधन.
1519 पुर्तगाली नाविक फर्डीनांड मैगेलान नयी दुनिया की खोज में निकला.
1857 ब्रिटिश सैनिकों ने दिल्ली पर पुनः कब्जा कर लिया.
1870 इटली का संपूर्ण एकीकरण हुआ.
1878 'द हिंदू' समाचार पत्र साप्ताहिक के रूप में प्रकाशित हुआ.
1960 अफ्रीका के नव स्वतंत्र तेरह राष्ट्रों और साइप्रस ने राष्ट्रसंघ की सदस्यता ग्रहण की.
1963 अमरीकी राष्ट्रपति जान एफ केनेडी ने सोवियत संघ के साथ चांद के लिए संयुक्त अभियान का प्रस्ताव किया.
1974 होंडरास में समुद्री तूफान से हजारों लोगों की मौत हो गयी.
1977 वियतनाम राष्ट्रसंघ का सदस्य बना.
1988 हैती में सेना में विद्रोह बड़े पैमाने पर भड़क उठा.
1989 भारतीय शांति सेना ने श्रीलंका में संघर्ष विराम की घोषणा की.
1993 जापान के सेंट्रल बैंक ने बैंक दर में भारी कटौती की.
1993 भारतीय उपग्रह आई आर एस पी 1 का श्री हरिकोटा में असफल परीक्षण.
1998 मलेशिया में पुलिस ने पूर्व वित्त मंत्री इब्राहिम को गिरफ्तार किया.
1999 बहुराष्ट्रीय सैनिक पूर्वी तिमोर पहुंचे और इंडोनेशिया के सैनिक वापस चले गए.
2004 एफ-81 एजुसैट ग्रह अंतरिक्ष में सफलता पूर्वक प्रक्षेपित.

# 60 साल का 'स्पाइडर मैन' बगैर रस्सी के 48वें मंजिल पर चढ़ा



**पेरिस (ईएमएस)।** एलन रॉबर्ट नाम के एक साठ साल के शख्स ने बिना किसी रस्सी के सहारे एक बिल्डिंग के 48वें मंजिल पर पहुंच गया।60 साल के इस 'स्पाइडर मैन' ने बर्थ डे का जश्न मनाने के लिए यह अनोखा तरीका निकाला। एलन को लोग फ्रांस के स्पाइडर मैन के तौर पर जानते हैं। हालांकि टॉवर पर पहुंचने के बाद उन्हें कथित तौर पर गिरफ्तार कर लिया गया. रॉबर्ट इससे पहले कई बार ये कारनामा कर चुके हैं। वह आमतौर पर बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के अपने स्टंट करता है और उसे कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार उन्हें टॉप पर पहुंचने में सिर्फ 60 मिनट का समय लगा। चढ़ाई के बाद उन्होंने कहा, मैंने कई साल पहले खुद से वादा किया था कि जब मैं 60 साल का हो जाऊंगा, तो मैं फिर से उस टावर पर चढ़ जाऊंगा क्योंकि 60 फ्रांस में रिटायरमेंट की उम्र का प्रतीक है और मुझे लगा कि यह एक अच्छा संदेश होगा. स्थानीय मीडिया से मिली खबरों के मुताबिक उन्होंने कहा कि चढ़ाई का उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी था। रॉबर्ट को दुनिया भर में ऊंची इमारतों पर चढ़ने के लिए जाना जाता है। उनके साहसिक कारनामों में दुबई के बुर्ज खलीफा झ दुनिया की सबसे ऊंची इमारत के चॉप तक पहुंचना शामिल है।

# संकटग्रस्त श्रीलंका को चीन ने अधर में छोड़ा, भारत ने इस साल दिया सबसे अधिक कर्ज

**कोलंबो (ईएमएस)।** राजनीतिक संकट से उबरे और गंभीर आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका को चीन ने अधर में छोड़ दिया पर भारत ने पड़ोसी धर्म निभाकर इस साल सबसे ज्यादा कर्ज दिया है। खबरों के मुताबिक भारत ने 2022 में एक अभूतपूर्व राजनीतिक संकट और आर्थिक उथल-पुथल से जूझ रहे श्रीलंका को 37.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया है। इसके बाद एशियाई विकास बैंक ने श्रीलंका को 36 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया है। एक खबर के मुताबिक इस साल के पहले चार महीनों में श्रीलंका को मिले कुल 96.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कर्ज में से भारत ने 37.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर दिए हैं। जबकि 2017 और 2021 के बीच श्रीलंका को सबसे ज्यादा कर्ज देने वाला देश चीन रहा है।

2021 में चीन ने श्रीलंका को 94.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया था। जिसमें से 80.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर चीन विकास बैंक से उधार में मिले थे। जबकि उस समय भी एडीबी सबसे बड़ा बहुपक्षीय कर्जदाता रहा है। जब इस साल की शुरूआत में श्रीलंका अपने सबसे खराब आर्थिक संकट में डूबा, तो भारत के कर्ज ने उसे ईंधन और जरूरी सामान खरीदने में मदद की। भारतीय उच्चायोग ने जानकारी दी है कि इस वर्ष श्रीलंका को भारत की कुल कर्ज सहायता लगभग 4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई है। जिसमें मुद्रा अदला-बदली की सुविधा भी शामिल है।

# कनाडा- ओंटारियो फायरिंग घटना में घायल भारतीय छात्र ने दम तोड़ा, 3 लोगों की मौत

**टोरंटो, कनाडा (ईएमएस)।** कनाडा के ओंटारियो में फायरिंग की घटना में घायल हुए 28 वर्षीय भारतीय छात्र ने दम तोड़ दिया है। ओंटारियो प्रांत में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो अन्य लोगों की भी जान चली गई थी। हिल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा (एचआरपीएस) ने एक बयान में शनिवार को बताया कि सतविंदर सिंह की हैमिल्टन सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने परिवार व दोस्तों की मौजूदगी में अंतिम सांस ली। बयान के अनुसार, सिंह भारत से आया एक छात्र था, जो एमके ऑटो रिपेयर्स में अंशकालिक नौकरी करता था। बयान में कहा गया, एचआरपीएस, सिंह के परिवार व दोस्तों तथा भयावह घटना से प्रभावित समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। ओंटारियो में सोमवार को हुई गोलीबारी में टोरंटो पुलिस के कॉन्स्टेबल एंड्र्यू होंग (48) और एमके ऑटो रिपेयर्स के मालिक शकील अशरफ (38) की मौत हो गई थी। हमलावर की पहचान 40 वर्षीय सीन पेट्री के तौर पर हुई थी, जिसको पुलिस ने हैमिल्टन में मार गिराया था। सिंह के रिश्ते की बहन सरबजोत कौर ने समाचार पत्र टोरंटो स्टार को बताया कि शनिवार दोपहर को सिंह के पिता ने अस्पताल को उसका लाइफ सपोर्ट हटाने की अनुमति दे दी थी। कौर ने बताया कि सिंह के पिता उनसे आखिरी बार वैश्विक महामारी से पहले मिले थे। सिंह के पिता दुबई में एक चालक की नौकरी करते हैं और घटना के बाद कनाडा पहुंचे।



कोस्टारीका में भूस्खलन के बाद एक बस हादसे का शिकार हो गयी। उसके बाद वहां काम करते हुए रेड क्रास और दमकलकर्मी। (फोटो-ईएमएस)

# निवेशकों के लिए खुशखबरी, अडानी पावर स्टॉक मार्केट से नहीं होगा डी-लिस्ट, कंपनी ने प्रस्ताव वापस लिया

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश के सबसे बड़े कारोबारी समूह अडानी ग्रुप के अडानी पावर के निवेशकों के लिए एक खुश खबर है। अडानी पावर की प्रमोटर कंपनी अडानी प्रॉपर्टीज ने कंपनी को डी-लिस्ट करने का प्रस्ताव वापस ले लिया है। इसका मतलब है कि अब अडानी पावर शेयर बाजार में लिस्टेड रहेगी और इसके खरीद और बिक्री पर किसी तरह की रोक नहीं होगी। जब किसी कंपनी को शेयर मार्केट से डी-लिस्ट किया जाता है, तो उस कंपनी के शेयर की खरीद और बिक्री नहीं किया जा सकता है। कंपनी ने एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि उसे प्रवर्तक समूह के एक सदस्य से एक पत्र मिला है, जिसमें डीलिस्टिंग प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की गई है। अडानी पावर को कंपनी के प्रमोटर और प्रमोटर समूह के एक सदस्य अडानी प्रॉपर्टीज प्रा-इवेट लिमिटेड से 17 सितंबर, 2022 को डी-लिस्ट करने का प्रस्ताव वापस लेने का पत्र स्टॉक एक्सचेंज को भेजा गया था।



बीएसई फाइलिंग ने बताया कि 29 मई, 2020 को डीलिस्टिंग करने का प्रस्ताव और बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को भेजा गया था। कंपनी के इक्विटी शेयरों को स्वेच्छा से यहां से हटाने का प्रस्ताव भेजा था। हालांकि अब इस प्रस्ताव को एक पत्र के माध्यम से जानकारी देकर वापस ले लिया है। कंपनी अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा निकासी पत्र को रिकॉर्ड में लेने सहित आवश्यक कदम उठाएगी। अडानी प्रॉपर्टीज ने कहा कि कंपनी को अभी तक स्टॉक एक्सचेंजों की ओर से डीलिस्टिंग ऑफर के लिए मंजूरी नहीं मिली है। स्टॉक एक्सचेंजों की सैद्धांतिक मंजूरी नहीं मिलने के कारण, कंपनी और एपीपीएल आगे बढ़ने में असमर्थ हैं। अडानी प्रॉपर्टीज ने पत्र में कहा कि डिलिस्टिंग ऑफर और इसके परिणामस्वरूप डीलिस्टिंग ऑफर के साथ आगे बढ़ने और स्वैच्छिक डीलिस्टिंग प्रक्रिया को लागू करने में काफी और महत्वपूर्ण देरी हुई है। अडानी प्रॉपर्टीज ने कंपनी के निदेशक मंडल से अनुरोध किया है कि वह अपने निकासी प्रस्ताव पर ध्यान दें और इसे प्रभावी करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। बता दें कि अडानी प्रॉपर्टीज के पास अडानी पावर के 289,16,12,567 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर है, प्रत्येक इक्विटी शेयर का प्राइज 10 रुपये प्रति शेयर है, जो सामूहिक होल्डिंग जारी और बकाया इक्विटी के 74.97 प्रतिशत से बराबर है। अडानी पावर बोर्ड ने डीलिस्टिंग ऑफर के तहत जनता के साथ 96.53 करोड़ इक्विटी शेयर (25.03 फीसदी इक्विटी) करीब 3,264 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए 33.82 रुपये फ्लोर प्राइस प्रति इक्विटी शेयर को मंजूरी दी थी।

# डीमार्ट के सीईओ नेविल नोरोन्हा ने खरीदा सपनों का घर, कीमत 70 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में बढ़ती रईसों के संख्या के साथ अब उनकी लाइफ स्टाइल भी तेजी से चर्चा में है। साल-2021 में बिलेनियर्स क्लब में शामिल हुए रिटेल चेन डीमार्ट के सीईओ नेविल नोरोन्हा ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आलीशान घर खरीदा है। उन्होंने एक अंडर कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में दो यूनिट्स बुक कराई हैं। इसके लिए उन्हें 70 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के सबसे अमीर सीईओ में गिने जाने वाले सीईओ नेविल नोरोन्हा ने ये प्रॉपर्टी मुंबई के बांद्रा ईस्ट के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स के बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में खरीदी हैं। यहां अंडर कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट प्रोजेक्ट रुस्तमजी सीजंस में उन्होंने 66 करोड़ रुपये में दो यूनिट्स बुक कराई हैं। इसके लिए नोरोन्हा को 3.30 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ी है। बिजनेस हब के करीब मौजूद यह प्रॉपर्टी डील रियल एस्टेट में




बड़े सौदों में एक है। रिपोर्ट में जिपके पर मौजूद रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट्स का जिक्र करते हुए कहा गया है कि दोनों यूनिट्स का कुल रेरा कारपेट एरिया 8,640 वर्ग फुट है। जबकि, डेक और टेरेस एरिया 912 वर्ग फुट है। इस तरह से सीईओ नोरोन्हा द्वारा खर-ीदी गई इस प्रॉपर्टी का पूरा एरिया 9,552 वर्ग फुट हो जाता है। खास बात यह है कि नोरोन्हा को 10 कारों की पार्किंग की जगह दी गई है। हालांकि, प्रोजेक्ट के डेवलपर और सीईओ नोरोन्हा ने इस खरीदारी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अक्टूबर 2021 में डीमार्ट रिटेल स्टोर चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इग्नाटियस नेविल नोरोन्हा अरबपति सीईओ के क्लब में शामिल हुए थे। उन्हें ये उपलब्धि तब मिली थी, जब बीएसई पर कंपनी के स्टॉक ने इंट्राडे में 5,899 रुपये का नया रिकॉर्ड छू लिया था और इसका मार्केट कैप 3.54 लाख करोड़ रुपये का लेवल पार कर गया था। इस तेजी के साथ नोरोन्हा की संपत्ति 7,744 करोड़ रुपये को पार कर गई। गौरतलब है कि नोरोन्हा के पास एवेन्यू सुपर सुपरमार्ट की लगभग 2 फीसदी स्टेक है। कंपनी के सीईओ नविल नोरोन्हा ने हाल ही में कहा था कि डीमार्ट अपने स्टोर्स की संख्या को बढ़ाकर 1,500 तक कर सकती है। भारतीय अरबपति राधाकृष्ण दमानी की रिटेल चेन डीमार्ट, एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के अंतर्गत संचालित है। फिलहाल इसके स्टोर्स की संख्या 284 है। जिसमें इजाफा करते हुए कंपनी इस आंकड़े को पांच गुना तक बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

# रूस से रियायती दर पर क्रूड ऑयल खरीदने पर भारत को हुआ 35 हजार करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते भारत को रूस से रियायती दर पर क्रूड ऑयल खरीदने पर भारी लाभ हुआ है। अनुमान के मुताबिक यह लाभ 35,000 हजार करोड़ रुपए पर पहुंचा है। फरवरी में यूक्रेन-रूस संघर्ष के बाद से यह लाभ हुआ। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। इसी साल फरवरी-मार्च में जब रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया तब दुनियाभर में राजनीतिक तनाव बढ़ गया। लिहाजा रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले बहुत सारे पारंपरिक खरीदारों ने रूसी क्रूड ऑयल लेने से मना कर दिया। इस वजह से रूस का लाखों बैरल तेल फंस गया। रूस इसके बाद काफी छूट यानी मार्केट रेट से सस्ते पर क्रूड



ऑयल ऑफर करने लगा। उस समय भारत ने अमेरिका सहित तमाम विकसित देशों के दबाव के बावजूद रूस से कच्चा तेल खरीदने का विकल्प चुना। इसके बाद भारत रूसी क्रूड ऑयल के खरीदारों की लिस्ट में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। इस समय देश के कुल तेल खरीद का लगभग 12 फीसदी रूस से आ रहा है जो युद्ध के पहले एक फीसदी से भी कम था। इसी साल जुलाई में रूस भारत का दूसरा सबसे तेल सप्लायर बन गया। सऊदी अरब अब तीसरे स्थान पर चला गया। हालांकि अगस्त में फिर से रियाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया और मास्को तीसरे स्थान पर। रायटर्स ने अपने डाटा के आधार पर यह जानकारी दी है। वाणिज्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जुलाई के दौरान, रूस से भारत का तेल आयात आठ गुना बढ़कर 11.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.3 अरब डॉलर था। मार्च के बाद से, जब भारत ने रूस से आयात बढ़ाया है, आयात 12 अरब डॉलर से ऊपर हो गया है। पिछले साल के 1.5 अरब डॉलर से काफी अधिक था। इनमें से करीब 7 अरब डॉलर का आयात सिर्फ जून और जुलाई में ही हुआ है।

# डायरेक्ट टैक्स संग्रहण में 30 फीसदी बढ़ोतरी, खजाने में जमा हुई 8.36 लाख करोड़ की राशि




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** शासकीय खजाना इस वर्ष खूब फल-फूल रहा है। दरअसल, चालू वित्त वर्ष में टैक्स संग्रहण में खासा इजाफा हुआ है। एडवांस टैक्स कलेक्शन बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 30 फीसदी बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'वित्त वर्ष 2022-23 के लिए डायरेक्ट टैक्सेज का ग्रॉस कलेक्शन अभी तक (रिफंड के लिए एडजस्टिंग से पहले) 8,36,225 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कलेक्शन 6,42,287 करोड़ रुपये की तुलना में 30 फीसदी ज्यादा है।' अप्रैल-सितंबर के लिए क्यूम्युलटिव एडवांस टैक्स कलेक्शन 17 सितंबर को 2,95,308 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 17 फीसदी ज्यादा है। बयान में कहा गया कि 8.36 लाख करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन में 4.36 लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट इनकम टैक्स से और 3.98 लाख करोड़ रुपये पर्सनल इनकम टैक्स से आए। पीआईटी में सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स शामिल हैं। रिफंड एडजस्ट होने के बाद नेट कलेक्शन 23 फीसदी बढ़कर 7,00,669 करोड़ रुपये हो गया।

# एफपीआई ने का भारतीय शेयर बाजार में सितंबर में अब तक 12,000 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय शेयर बाजार अब तेजी से सुधर रहा है लिहाजा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 12,000 करोड़ रुपये लगाए हैं। उनका निवेश इन अनुमानों पर आधारित है कि मुद्रास्फीति में आ रही नरमी के बीच दुनिया भर के केंद्रीय बैंक विशेषकर अमेरिका का फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में वृद्धि को लेकर कुछ नरम रुख अपना सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, 1 सितंबर से 16 सितंबर के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में 12,084 करोड़ रुपये लगाए हैं।

आर्थिक वृद्धि की गति जारी रहने की उम्मीदों के बल पर एफपीआई शुद्ध लिवाल बने रहे। बाजार विशेषज्ञ हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ह्यविदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों में इस उम्मीद से निवेश कर रहे हैं कि वैश्विक केंद्रीय बैंक विशेषकर फेडरल रिजर्व दरों में वृद्धि पर नरम रूख अपना सकता है क्योंकि अब मुद्रास्फीति घटना शुरू हो गई है। इन आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 51,200 करोड़ रुपये और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था। भारतीय शेयर बाजारों से लगातार नौ महीनों तक पैसा निकलने के बाद एफपीआई जुलाई में शुद्ध लिवाल बने थे।

# होंडा भविष्य में लॉन्च के लिए ईवी कर रही तैयार

## -टाटा और महिंद्रा को मिलेगी तगड़ी चुनौती

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** होंडा कार्स कंपनी इस दशक के अंत तक अपना 2 तिहाई प्रोडक्ट पोर्टफोलियो जीरो एमिशन व्हीलक्स से लैस करना चाहती है। कंपनी की होंडा सिटी हाइब्रिड को बढ़िया रिस्पॉन्स मिला है और यही वजह है कि कंपनी इस सेगमेंट में निवेश बढ़ा सकती है। होंडा सिटी हाइब्रिड को कंपनी ने मई 2022 में लॉन्च किया था जो 26.5केएमपीएल तक माइलेज देती है। होंडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ताकुया त्सुमुरा के अनुसार होंडा भविष्य में लॉन्च के लिए एक ईवी भी तैयार कर रहा है. कंपनी ने बताया कि हम इसके बारे में स्टडी कर रहे हैं। वैसे भी, यह अच्छा है कि टाटा, महिंद्रा और अन्य ब्रांड अब इसे (ईवी) अधिक लोकप्रिय बना रहे हैं। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए



5 प्रतिशत जीएसटी की भी बात की। ग्लोबल मार्केट्स में, होंडा 2050 तक जीरो कार्बन हासिल करने की योजना बना रही है और 30 बीईवी के तहत दो मिलियन यानी 20 लाख इलेक्ट्रिक कारों को रोल आउट करने की योजना बना रही है। भारत के लिए, त्सुमुरा ने कहा कि ईवी केबारे में सब कुछ योजना के चरण में है क्योंकि हाइब्रिड तकनीक को मौजूदा समय में सही रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले 30 इलेक्ट्रिक वाहनों में से कुछ मॉडल्स भारत में भी लॉन्च किए जाएंगे। वर्तमान में टाटा ने भारत के इलेक्ट्रिक मार्केट में पर कब्जा कर रखा है और टाटा नेक्सॉन इंडिया की बेस्टसेलिंग ईवी बनी हुई है। बता दें कि होंडा कार्स इन दिनों प्योर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मार्केट स्टडी कर रही है। कंपनी इलेक्ट्रिक कार मार्केट में बड़ा दांव चलने की तैयारी में है।

# तेल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है हालांकि इसके बाद भी दिल्ली, मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर वहीं नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके




अलावा गाजियाबाद में 96.26 रुपये और डीजल 89.45 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.48 रुपये और डीजल 94.26 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

# दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहनों तक की सेल में खासा इजाफा

## -त्यौहारी सीजन में तोड़ सकता है रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की एक रिपोर्ट पर नजर डाली जाए तो ये साफ हो जाता है कि दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहनों तक की सेल में खासा इजाफा हुआ है। सिएम ने अगस्त 2022 की सेल्स रिपोर्ट में बताया है कि एक महीने में अंदर भारत में 2,81,210 पैसेंजर वाहनों की बिक्री हुई। वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों से तुलना की जाए तो ये 2,32,224 था।इससे साफ है कि पिछले साल के मुकाबले ऑटो सेक्टर ने काफी बढ़त ली है। ये बढ़त करीब 21 प्रतिशत की है. इस बढ़त के पीछे अब मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये बरकरार रहेगी और नवरात्रों के शुरू होने के साथ ही इसके और बढ़ने की उम्मीद है। जानकारों का कहना है कि ऑटो सेक्टर में नवरात्रों के दौरान तेज बढ़त देखने को मिलेगी। इस दौरान दो पहिया वाहनों की खरीद में अच्छी तेजी दिखने के साथ ही कारों की बिक्री भी काफी बढ़ने की उम्मीद है। सिएम की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2022 में 5,04,146 यूनिट्स की बिक्री हु-ई। वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो ये 4,60,284 यूनिट्स ही बिकी थीं।ऐसे में स्कूटर के मार्केट ने



पिछले साल के मुकाबले 9.5 फीसदी का उछाल लिया. वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री पर नजर डाली जाए तो इसमें 23.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। अगस्त 2022 में 10,16,794 मोटरसा-इकिलें बिकीं, वहीं अगस्त 2021 में 8,25,894 मोटरसाइकिलें ही बिकी थीं। इस हिसाब से मोटरसा-इकिलों की बिक्री में सभी व्हीकल सेग्मेंट्स में सबसे ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। वहीं कारों की बात की जाए तो अगस्त 2022 में 133477 यूनिट्स बिकीं, वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों को देखा जाए तो ये 108508 यूनिट्स ही था। ऐसे में कारों की बिक्री में करीब 23 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया. वहीं एसयूवी की बिक्री की बात की जाए तो अगस्त 2022 में 1,35,497 यूनिट्स की सेल दर्ज की गई। वहीं अगस्त 2021 में ये बिक्री 1,12,863 यूनिट्स ही थी। इस हिसाब से एसयूवी की बिक्री में 20 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। अगस्त 2022 में वैन की कुल 12,236 यूनिट्स बिकीं, वहीं अगस्त 2021 में 10,853 यूनिट्स की सेल दर्ज की गई थी। इस तहर वैन्स की बिक्री में भी 12.7 फीसदी की बढ़त देखी गई। वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी बढ़त दर्ज की गई। अगस्त 2022 में 9,397 यूनिट्स की बिक्री हुई, वहीं अगस्त 2022 में 10,300 यूनिट्स की सेल हुई थी। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 8.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। बता दें कि पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्लो डाउन और फिर अचानक कोरोना महामारी की मार ने ऑटो सेक्टर की कमर तोड़ कर रख दी थी। लेकिन एक बार फिर कोरोना से उबरने के बाद बाजार में कुछ रौनक दिखने लगी है। इसका असर ऑटो सेक्टर पर भी साफ देखा जा सकता है।

## दैनिक पंचांग

**20 सितम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.35 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 07.50 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 10.05 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.21 बजे से |
| गुरु | मीन में | मकर | 14.26 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.12 बजे से |
| शनि | मकर में | मीन | 17.45 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.16 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 20.56 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मिथुन | 22.54 बजे से |
| | | कर्क | 01.07 बजे से |
| | | सिंह | 03.23 बजे से |

**मंगलवार** 2022 वर्ष का 263 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 21.27 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 21.07 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 08.24 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 08.16 बजे तदनन्तर विष्टि 21.27 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 11'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871377
**जूलियन दिन** 2459842.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सफर
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सिट्रोन सी 3 इलेक्ट्रिक कार मार्च में हो सकती है लॉन्च

## -इलेक्ट्रिक वेरिएंट की कीमत पेट्रोल मॉडल से हो सकती है ज्यादा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** फ्रेंच ऑटोमेकर कंपनी की सिट्रोन सी 3 इलेक्ट्रिक कार मार्च में लॉन्च हो सकती है।इस कार के पेट्रोल मॉडल को जुलाई में लॉन्च किया गया था। इसकी कीमत 5.70 लाख रुपये से लेकर 8.05 लाख एक्स शोरूम के बीच है.सिट्रोन सी3 के इलेक्ट्रिक वेरिएंट की कीमत पेट्रोल मॉडल से ज्यादा हो सकती है। ऑल-इलेक्ट्रिक सिट्रोन सी 3 की कीमत 9-12 लाख रुपये के बीच हो सकती है। इस प्राइस टैग के साथ हैचबैक भारतीय बाजार में सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कारों में से एक होगी। कंपनी अब तक अपकमिंग ऑल-इलेक्ट्रिक कार के इंजन स्पेक्स को गुप्त रखने में कामयाब रही है.सिट्रोन सी 3 का पेट्रोल वें-रएंट 1.2-लीटर इंजन के साथ आता है, यह इंजन 5,750 आरपीएम पर 80.46 बीएचपी की पावर और 3,750 आरपीएम पर 115 एनएम का टॉर्क देता है। भारत में इलेक्ट्रिक कार बाजार अगले साल बजट से लेकर लग्जरी विकल्पों तक कई




रोमांचक लॉन्च का गवाह बनने के लिए तैयार है। सिट्रोन के अलावा भारतीय बाजार में अगले साल एक और सस्ती इलेक्ट्रिक कार लॉन्च होने जा रही है। यह कार टाटा अल्ट्रोज ईवी होगी। हाली ही में कंपनी ने इस बात का खुलासा किया है। हालांकि, स्पेसिफिकेशन को अल्ट्रोज के लिए थोड़ा ट्यून किया जा सकता है। नेक्सान का 30.2 केडब्ल्यू बैटरी पैक सिंगल 129-एचपी इलेक्ट्रिक मोटर को पावर देता है। इलेक्ट्रिक अल्ट्रोज के भी वर्तमान में बिक्री पर मौजूद आईसीई अल्ट्रोज की तुलना में कई फीचर अपग्रेड के साथ आने की संभावना है। इस कार की कीमत भी 10-12 लाख रुपये के बीच हो सकती है।भारतीय इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने 2020 ऑटो एक्सपो में इलेक्ट्रिक हैचबैक की प्री-प्रोडक्शन यूनिट का अनावरण किया था. अल्ट्रोज ईवी के एक पावरट्रेन के साथ आने की उम्मीद है, जिसे हम नेक्सॉन ईवी पर पहले ही देख चुके हैं।

## आज का राशिफल

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, अश्वनि कृष्ण पक्ष, वर्षा शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि, दसवी, मंगलवासरे, पुर्नवसु नक्षत्रें, ववयोगे, वणिक करणे, भद्रा 3/49 दसवीं श्राद्ध, सिंह, बुध वाहन, क्रय विक्रय, सूती स्नान तथापि, पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक दार्शनिक, सुंदर, सुशील, कोमल हृदय, दयालु, परोपकारी, कमीशन एजेंट, एमबीए, एमसीए, सीए करने वाला, धनीमानी होगा।**

**मेष राशि** - विघटनकारी तत्वों से क्षतिग्रस्त होने से बचिये, समस्यायें बनी ही रहेंगी।
**वृष राशि** - कार्य सफलता से संतोष, स्त्री-वर्ग से उल्लास तथा आपकी चिन्तायें कम अवश्य होंगी।
**मिथुन राशि** - आशानुकूल सफलता मिलेगी, व्यवसायिक क्षमता अनुकूल बनेगी, समय का ध्यान रखें।
**कर्क राशि** - अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थगित रखें, अधिकारियों से तनाव बन सकता है।
**सिंह राशि** - आर्थिक योजना फलीभूत होगी, विरोधी परेशान करेंगे, कार्य की चिन्ता बनेगी।
**कन्या राशि** - स्वभाव में अशांति, मानसिक बेचैनी, कार्य तीव्रता के कुछ प्रयास अवश्य सफल होंगे।
**तुला राशि** - अर्थ व्यवस्था कुछ अनुकूल होगी, सफलता का हर्ष अवश्य ही होगा।
**वृश्चिक राशि** - इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप अवश्य ही होगा, कार्य बनेंगे।
**धनु राशि** - मान-प्रतिष्ठा बालबाल बचे, कार्यवृत्ति में सुधार होगा, रुके कार्य शीघ्र निपटा लें।
**मकर राशि** - व्यवसाय में व्यग्रता, तनाव, क्लेश से हानि, कार्य स्थगित रखें, समय का ध्यान रखें।
**कुंभ राशि** - सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा ध्यान रखें
**मीन राशि** - बिगड़े कार्य बनेंगे, योजना फलीभूत होगी तथा इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य हेंगे।

DELHI CRIME 20 sep 2022:Layout 1 9/19/2022 11:05 PM Page 6



# राष्ट्रीय खेल मिनी-ओलंपिक की तरह : निशा मिलेट



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** अर्जुन पुरस्कार विजेता व 2000 सिडनी ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली देश की सर्वश्रेष्ठ महिला तैराकों में से एक निशा मिलेट ने कहा है कि राष्ट्रीय खेल मिनी-ओलंपिक की तरह हैं और देश में सबसे महत्वपूर्ण खेल आयोजन हैं। बता दें कि 36वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 29 सितंबर से गुजरात में होने जा रहा है। पूर्व ओलंपियन निशा ने कहा, "राष्ट्रीय खेल देश में सबसे अच्छा आयोजन हैं। यह एकमात्र ऐसी प्रतियोगिता है,जहां इतने सारे खेलों के देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीट इकट्ठा होते हैं, जिससे मिनी-ओलंपिक का एहसास होता है।" उन्होंने कहा, "मैंने तीन राष्ट्रीय खेलों, पुणे (1994), बैंगलोर (1997) और इंफाल (1999) में भाग लिया और वे खूबसूरत यादें अभी भी मेरे दिमाग में ताजा हैं। मैंने पुणे (एक कांस्य) में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन मैं बैंगलोर और इंफाल में मैंने क्रमशः 8 और 14 स्वर्ण जीते थे।" उन्होंने कहा, "बेंगलुरू से इंफाल तक का यह एक लंबा सफर था और मुझे याद है कि जब मैंने 14 स्वर्ण जीते तो मैं शहर में चर्चा का विषय बन गई। मेरा यह यादगार प्रदर्शन थी क्योंकि इससे मुझे सिडनी में 2000 के ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने का मौका मिला।" निशा को खुशी है कि तैराकी में देश का लगभग हर प्रमुख तैराक राजकोट में प्रतिस्पर्धा करेगा, जिससे तैराकी सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी खेलों में से एक बन जाएगी। उन्होंने कहा, "यह वास्तव में रोमांचक होने वाला है। मुझे कई बड़े मुकाबलों की उम्मीद है। मुझे लगता है कि हम कुछ नए चैंपियन देखेंगे और कुछ जूनियर सीनियर्स को चौंका देंगे।" निशा को उम्मीद है कि राष्ट्रीय खेल अब नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। अर्जुन पुरस्कार विजेता निशा ने कहा, "खेल युवा एथलीटों के मनोबल को बढ़ाते हैं, उन्हें जीतने की आदत में भी मदद करते हैं। वे अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे का भी निर्माण करते हैं जो बहुत महत्वपूर्ण है।" निशा ने हाल ही में बैंगलोर में एक तैराकी अकादमी खोली है, जहां छोटे बच्चों (एक साल और उससे अधिक उम्र के) को सिखाया जाता है। वह नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्विमिंग इनिशिएटिव से भी जुड़ी हुई हैं।

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022: इंदौर लेग के अपने अंतिम मैच में न्यूजीलैंड लीजेंड्स से भिड़ेगी सचिन की सेना

**इंदौर, (हि.स.)।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में इंदौर लेग के आखिरी मैच में सोमवार रात होलकर स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया लीजेंड्स का सामना न्यूजीलैंड लीजेंड्स से होगा। भारत के सबसे स्वच्छ शहर में प्रशंसक क्रिकेट की पिच पर अपने पुराने जमाने के पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए सांस रोके बैठे हैं। सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम टी20 टूनार्मेंट के इंदौर लेग की शो स्टॉपर होगी। इंदौर शहर हमेशा के लिए तेंदुलकर के लिए एक विशेष स्थान रखता क्योंकि बल्लेबाजी के इस उस्ताद ने 2001 में यहां 10000 एकदिवसीय रन पूरे किए थे। इंडिया लीजेंड्स ने कानपुर में सीजन का पहला मैच खेला था, जिसमें उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल की थी लेकिन वेस्ट इंडीज के खिलाफ उसका अगला मैच बारिश में धुल गया था। दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स के खिलाफ अपने पहले मैच में इंडिया लीजेंड्स ने 61 रनों की भारी जीत दर्ज की और अपने बेहतरीन प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता था। इंडिया लीजेंड्स के लिए बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए, तेंदुलकर और नमन ओझा न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के खिलाफ टीम को अच्छी शुरूआत देने की कोशिश करेंगे, जो अच्छी शुरूआत के बावजूद बारिश से प्रभावित मैच में बांग्लादेशी बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रहे थे। हालांकि बल्लेबाजों ने आसानी से मैच जीत लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ, इंदौर के दर्शकों को मास्टर ब्लास्टर और सुरेश रैना और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों से मनोरंजक पारी की उम्मीदें होगी। स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान - जो शुरूआती मैच में भारत के लिए हीरो थे - न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान करने की कोशिश करेंगे। भारत का गेंदबाजी विभाग संतुलित दिख रहा है क्योंकि उसके पास इरफान पठान, मनप्रीत गोनी और मुनाफ पटेल के रूप में एक अच्छा तेज आक्रमण है, जबकि स्पिन विभाग प्रज्ञान ओझा और राहुल शर्मा की उपस्थिति के कारण टीम समान रूप से शक्तिशाली दिखती है। न्यूजीलैंड लीजेंड्स - जो टूर्नामेंट में डेब्यू कर रहे हैं - ने शुरूआती मैच में हार के बाद जोरदार वापसी की और इंदौर लेग के अपने पहले मैच में बांग्लादेश पर 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। अपने पहले मैच से सबके लेते हुए कीवी टीम ने शानदार वापसी की। पहले मैच में उनकी बल्लेबाजी दंतहीन दिख रही थी। कप्तान रॉस टेलर, डीन ब्राउनली और जेमी हाउ ने बांग्ला टाइगर्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मूल्यवान रन बनाए। पावरप्ले में काइल मिल्स और हामिश बेनेट ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाज अप्रभावी दिखे। एक मजबूत भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ, कीवी लीजेंड्स को अपना श्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। भारत और न्यूजीलैंड ने 20 टी20 इंटरनेशनल मैचों में एक-दूसरे का सामना किया है। इनमें से भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि ब्लैककैप्स नाम से मशहूर कीवी टीम 9 मौकों पर विजयी हुई है।

# कॉमनवेल्थ कराटे व फेडरेशन क्लब चैंपियनशिप, भारतीय एथलीटों ने जीते 16 पदक




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय राष्ट्रीय कराटे टीम और एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स इंडिया (एक्सएमए एकेडमी इंडिया) के एथलीटों ने बर्मिंघम में 7 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित 10वीं कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन क्लब चैंपियनशिप 2022 में 16 पदक जीते जिनमें 11 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल है। इस प्रतियोगिता के कुलीन वर्ग में 21 देशों के 500 खिलाड़ियों और क्लब इवेंट्स में 1400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारतीय कराटे टीम ने कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन (केआईओ) के अध्यक्ष विजय तिवारी, जनरल सचिव संजीव कुमार जांगड़ा और कप्तान अनिकेत गुप्ता की देखरेख में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरूआत चाहेगी टीम इंडिया, कंगारुओं का लक्ष्य टी-20 विश्व कप की तैयारी करना

**मोहाली, (हि.स.)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 20 सितंबर को मोहाली में शुरू होगा। भारत 20 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला शुरू करेगा। श्रृंखला का दूसरा टी 20 मैच 23 सितंबर को नागपुर में और तीसरा और अंतिम टी 20 मैच 25 सितंबर को हैदराबाद में होगा। हालांकि भारत एशिया कप 2022 के सुपर फोर चरण से आगे नहीं बढ़ सका, लेकिन इस श्रृंखला में कुछ सकारात्मक चीजें आ रही हैं। इनमें सबसे बड़ी बात है विराट कोहली का फिर से फॉर्म में लौटना। कोहली ने एशिया कप के दौरान पांच पारियों में 276 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल था। एशिया कप में जिस तरह से कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे,वह लंबे समय से नहीं देखा गया था और प्रशंसकों को उम्मीद होगी कि कोहली का वही फॉर्म इस श्रृंखला में भी बरकरार रहेगा। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और कप्तान रोहित शर्मा को एक सकारात्मक शुरूआत देकर बड़े स्कोर के लिए एक ठोस नींव रखनी होगी, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। केएल को हालांकि तीनों मैच में शानदार स्ट्राइक रेट के साथ अच्छा स्कोर करना होगा क्योंकि चोट से वापसी के बाद से ही आउट ऑफ फार्म चल रहे हैं, जिससे टीम में उनका स्थान खतरे में पड़ सकता है। यह श्रृंखला सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों के लिए एक विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ बड़ा स्कोर करने का मौका है। पंत ने टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा स्कोर किया है और यह उनके लिए एक टी-20 खिलाड़ी के रूप में अपनी योग्यता साबित करने का मौका होगा, एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने ज्यादातर संघर्ष किया है। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को बल मिला है। विश्व कप के नजदीक आते ही वे दोनों अपनी वापसी पर विकेट लेने के लिए उत्सुक होंगे। अन्य तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर और स्पिनर अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया साल भर में कुछ टी-20 श्रृंखला जीत और एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड पर मिली 3-0 से जीत के बाद काफी आत्मविश्वास के साथ इस श्रृंखला में आ रहा है। सभी की निगाहें पावर-हिटर टिम डेविड पर होंगी, जिन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वह अपने नो-लुक शॉट्स और बड़े छक्कों के साथ काफी खतरनाक हो सकते हैं और भारतीय गेंदबाजों को उनसे सावधान रहना होगा। कप्तान एरोन फिंच को सीरीज और विश्व कप में भी अपनी टीम की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए भारत के खिलाफ रन बनाकर अपनी खराब फॉर्म में सुधार करना होगा। यह श्रृंखला स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के लिए खुद को एक टी20 खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने का एक अवसर भी होगा। हालांकि ऑस्ट्रेलिया को मिशेल मार्श, डेविड वार्नर और मार्कस स्टोइनिस जैसे सितारों की कमी खलेगी, लेकिन यह श्रृंखला ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और डेनियल सैम्स, बल्लेबाज जोश इंगलिस, तेज गेंदबाज नाथन एलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए टीम में अपना स्थान सुरक्षित करने का एक अच्छा अवसर होगा।

# छेत्री को स्टेज पर धक्का देने का वीडियो वायरल



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बेंगलुरू एफसी के कप्तान सुनील छेत्री के साथ डूरंड कप फुटबॉल खिताब जीतने के बाद स्टेज पर बदसलूकी हुई है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। डूरंड कप में जीतने के बाद जब सुनील छेत्री ट्रॉफी लेने के लिए स्टेज पर गए तो उन्हें धक्का दिया गया। सोशल मीडिया पर सुनील छेत्री के अपमान का यह वीडियो वायरल हो रहा है। इसको लेकर पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी प्रतिक्रिया दी है। आकाश ने इसे इसे शर्मनाक करार दिया है। छेत्री के अलावा खिताबी मुकाबले में विजयी गोल करने वाले खिलाड़ी शिव शक्ति को भी धक्का दिया गया। बेंगलुरू एफसी ने मुंबई सिटी को 2-1 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल खिताब जीता है।

# अब हम आगामी प्रतियोगिताओं पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं : नवनीत कौर



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेल भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ, जहां भारतीय टीम ने 16 साल के पदक के सूखे को खत्म किया और कांस्य जीता। अब भारतीय महिला हॉकी टीम पूरी तरह से भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय फॉरवर्ड नवनीत कौर, जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम के पदक अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने टीम की भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह खुद को आगे बढ़ने वाली टीम में एक बड़ी भूमिका निभाते हुए देखती हैं। नवनीत ने कहा,"राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पदक हासिल करने से हमें एक टीम के रूप में बहुत खुशी मिली, भले ही हमारी टीम सेमी-फाइनल में हार के बाद थोड़ा निराश महसूस कर रही थी, लेकिन इस हार ने एक-दूसरे को कांस्य पदक के मैच पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और टीम ने पदक हासिल किया। वह पल वास्तव में शानदार था, खासकर मेरे लिए। 26 वर्षीय नवनीत ने उन क्षेत्रों के बारे में भी बात की, जिसमें वह एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने में सुधार करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, "मुझे अपनी स्थितिजन्य जागरूकता में सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि मैं गेंद को नियंत्रित करने में बेहतर हो सकूं, क्योंकि तब मैं अपनी गति से खेल सकती हूं और अपनी गति को या तो गति को धीमा कर सकती हूं या स्थिति के अनुसार इसे बढ़ा सकती हूं। नवनीत ने उन क्षेत्रों के बारे में भी बात की जो आने वाले महीनों में टीम सुधार करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हम अपनी टीम के समन्वय को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं। हम एक टीम के रूप में अपनी फिनिशिंग पर भी काम कर रहे हैं ताकि जब मौका मिले तो हम बेहद क्लिनिकल हों, जो कि एकमात्र ऐसा क्षेत्र था, जिसकी हमें विश्व कप और सीडब्ल्यूजी 2022 में कमी खली। एक टीम के रूप में हमने इन क्षेत्रों की पहचान की है और उन्हें सुधारने पर काम करना शुरू कर दिया ताकि हम अगले टूनार्मेंट के आने से पहले तैयार हो जाएं। नवनीत ने अपने हालिया प्रदर्शनों को दर्शाते हुए टीम के आगे बढ़ने की उम्मीद के बारे में भी बताया, उन्होंने कहा, टीम का प्रदर्शन हाल में शानदार रहा है। अब हम पूरी तरह से आगामी प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि हम उसी तरह से प्रदर्शन करेंगे। युवा खिलाड़ी टीम में वास्तव में अच्छी तरह से बस गए हैं और टीम में उनका एकीकरण सुचारू रूप से चल रहा है, जिसका सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इतने अवसर मिल रहे हैं जिससे उन्हें बहुत कम समय में काफी सुधार करने में मदद मिलेगी। हमें लगता है कि हमें ऐसा करना जारी रखना चाहिए क्योंकि यह भविष्य के हमारे युवा खिलाड़ियों को व्यवस्थित करने और उच्चतम स्तर पर आवश्यक प्रतिस्पर्धी अनुभव हासिल करने में मदद करता है।" उन्होंने कहा, एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में, मैं मैदान पर और बाहर हर चीज में युवाओं की मदद करना चाहती हूं। हम मैदान से बाहर खुलकर बात करते हैं और खुली चर्चा को प्रोत्साहित करते हैं। हमारे बीच 'सीनियर' और 'जूनियर' खिलाड़ियों जैसी कोई बाध्यता नहीं है।"

# बजरंग को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य मिला



**बेलग्रेड (ईएमएस)।** भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक मिला है। बजरंग का यह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कुल चौथा पदक है। इसके साथ ही बजरंग इस चैंपियनशिप में चार पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने हैं। पिछले दिनों उन्होंने बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बजरंग ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में प्यूर्तो रिको के पहलवान सेबेस्टियन सी रिबेरा को 11-9 से हराया। इससे पहले बजरंग को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमेरिकी पहलवान माइकल डियाकोमीहालिस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था हालांकि इसके बाद वह रेपचेज राउंड के जरिये कांस्य पदक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। बजरंग ने रेपचेज दौर में अर्मेनियाई पहलवान वाजगेन तेवानयान को 7-6 से हराया था। विश्व चैंपियनशिप में बजरंग का यह तीसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उन्हें साल 2013 में रजत जबकि साल 2018 और 2019 में कांस्य पदक मिला था। इस चैम्पियनशिप में बजरंग के अलावा महिला पहलवान विनेश फोगट ने भी कांस्य पदक हासिल किया है।




शिकागो गोल्फ टूर्नामेंट में खेलते हुए कैमरोन स्मिथ।

(फोटो-ईएमएस)

## टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया जाएंगे : बीसीसीआई

**मुम्बई (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम के साथ ही स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर दीपक चाहर, रवि बिश्नोई, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी को रखा है। इन्हें टीम के साथ इसलिए भेजा जा रहा है ताकि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की हालत में तत्काल बदलाव किया जा सके। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 सीरीज के पहले बेंगलुरु में एनसीए को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

# नंबर चार पर बल्लेबाजी करना पसंद है सूर्यकुमार को



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने भारत की ओर से पारी की शुरूआत के साथ ही किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। इस युवा बल्लेबाज के अनुसार उन्हें किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करना पसंद है हालांकि नंबर चार पर बल्लेबाजी करना उन्हें ज्यादा अच्छा लगता है। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के अनुसार सूर्या को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। सूर्यकुमार ने कहा, "मुझे हर पोजिशन पर बल्लेबाजी करना पसंद है। साथ ही कहा कि जिस भी स्थान पर में बल्लेबाजी करने जाता हूं वह मुझे अच्छा लगने लगता है। इसके साथ ही खेल पर भी मैरा नियंत्रण आने लगता है। जब मैं सात से 15 ओवर के बीच बल्लेबाजी करता हूं तो मुझे सबसे ज्यादा मजा आता है। मैं उस चरण में सकारात्मक रहने का प्रयास करता हूं।" उन्होंने आगे कहा, "मैंने ऐसे बहुत से मैच देखे हैं, जहां टीमों का पावरप्ले शानदार होता है और अंत मजबूत होता है, लेकिन मुझे लगता है कि टी20 मैच में सबसे अहम समय आठवें ओवर से लेकर 14वें ओवर तक का होता है। आपको उस चरण में तेजी से रन बनाने की जरुरत होती है। तब मैं ज्यादा खतरे वाले शॉट नहीं खेलने का प्रयास करता हूं।"

# आरोन को अभी भी भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** झारखंड की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले तेज गेंदबाज वरुण आरोन को अभी भी भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद है। वरुण हालांकि 32 साल के हो गये हैं। इस तेज गेंदबाज ने एक साक्षात्कार में कहा कि मेरी प्रतिस्पर्धा स्वयं अपने से ही है। साथ ही कहा कि जब मैंने भारतीय टीम में प्रवेश किया तो उस समय जहीर खान, और प्रवीण कुमार और आशीष नेहरा जैसे तेज गेंदबाज खेल रहे थे। ऐसे में अगर मैं प्रतियोगियों के बारे में सोचता तो कभी भी टीम में नहीं होता। इसी कारण मेरा ध्यान हमेशा स्वयं से रहता है। मुझे पता है कि अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा तो टीम में जगह अपने आप बन जाएगी। आरोन को गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में खरीदा था और उन्होंने सीजन के दौरान उनके लिए दो मैच खेले। नेहरा टाइटंस टीम के मुख्य कोच भी थे। वरुण को उनके साथ और उनकी कोचिंग में भी खेलने का मौका मिला है। वहीं आरोन ने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को लेकर कहा कि मैंने उनकी कप्तानी में पदार्पण किया था। मैंने पहली बार उनके साथ ही राज्य के लिए खेला, क्योंकि जब वह भारत के लिए खेले थे, तो मैं अंडर-14 खेल रहा था, इसलिए मैं उनसे तब तक कभी नहीं मिला जब तक कि मैंने भारत का प्रतिनिधित्व नहीं किया।"

DELHI CRIME 20 sep 2022:Layout 1 9/19/2022 11:05 PM Page 7



# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर कोर्ट ने लगाई रोक




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद जैन के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। ईडी ने मामले की सुनवाई स्पेशल जज गीताजंलि गोयल की कोर्ट से दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है। ईडी की अर्जी पर प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज विनय कुमार गुप्ता ने सत्येंद्र जैन समेत इस मामले के सभी आरोपितों को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि वह जैन की जमानत पर सुनवाई दूसरी कोर्ट में स्थानांतरित करवाना चाहते हैं। सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फिलहाल स्पेशल जज गीतांजलि गोयल सुनवाई कर रही हैं। ईडी ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए 08 सितंबर को कहा था कि वो अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने जैन की ओर से 2018 में इनकम टैक्स को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा था कि जैन ने बकाया आयकर के बीस फीसदी के भुगतान के लिए अंकुश जैन और वैभव जैन की कंपनी और उनके खाते से जमा करने का आवेदन किया था। इससे साफ है कि उस कंपनी का पैसा सत्येंद्र जैन का था। कोर्ट ने 23 अगस्त को सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 29 जुलाई को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेकर इसी दिन मामले के आरोपित अजीत प्रसाद और सुनील कुमार जैन को अंतरिम जमानत दी थी। चार्जशीट पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी को फटकार लगाकर कहा था कि ईडी जिन तीन कंपनियों का नाम ले रही है, उस कंपनी के सत्येंद्र जैन डायरेक्टर ही नहीं हैं तो आपने उन्हें आरोपित कैसे किया। कोर्ट ने ईडी से पूछा था कि क्या ईडी इस तरीके से काम करती है। कोर्ट ने कहा था कि फोटोकॉपी को वैध साक्ष्य नहीं माना जा सकता है। ईडी ने 27 जुलाई को सत्येंद्र जैन समेत छह लोगों और चार कंपनियों को आरोपित किया है। आरोपितों में सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन, सत्येंद्र जैन के करीबी वैभव जैन, अंकुश जैन, सुनील कुमार जैन, अजित कुमार जैन के अलावा अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल नाम कंपनियों के नाम शामिल हैं। इस मामले में सत्येंद्र जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन पहले से न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में सत्येंद्र जैन को 30 मई को और वैभव जैन और अंकुश जैन को 01 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी के मुताबिक इस मामले में कैश दिल्ली में दिया गया। ये कैश कोलकाता में हवाला के जरिये एंट्री ऑपरेटर्स तक पहुंची। ये एंट्री ऑपरेटर्स फर्जी कंपनियों में शेयर खरीद कर निवेश करते थे। इन फर्जी कंपनियों में निवेश कर काला धन को सफेद बनाया जा रहा था। पैसों से जमीन खरीदने का काम किया गया। प्रयास नामक एनजीओ के जरिये कृषि भूमि खरीदी गई।

## नहीं रहे रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़े बड़े नेता आचार्य स्वामी धर्मेंद्र, जयपुर के एसएमएस अस्पताल में ली अंतिम सांसें



**जयपुर, (हि.स.)।** विश्व हिन्दू परिषद के मार्गदर्शक मण्डल से जुड़े बड़े हिन्दूवादी नेता आचार्य स्वामी धर्मेन्द्र का सोमवार को निधन हो गया। वे जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती थे। आचार्य स्वामी धर्मेंद्र पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सोमवार सुबह आचार्य स्वामी धर्मेंद्र का निधन हो गया। अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सकों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए थी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आचार्य स्वामी धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। एसएमएस अस्पताल में स्वामी धर्मेन्द्र को वेंटिलेटर पर रखा गया था। चिकित्सकों का कहना है कि आचार्य स्वामी धर्मेंद्र को मल्टीपल ऑर्गन इश्यू थे और उन्हें अस्पताल के आईसीयू में रखा गया था। कुछ समय पहले तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें वेंटिलेटर के सहारे इलाज दिया जा रहा था। उनकी स्थिति दिन-ब-दिन लगातार बिगड़ती जा रही थी। उन्होंने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। पिछले एक महीने से वे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थे और इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। आचार्य स्वामी धर्मेंद्र की पुत्रवधू और समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने बताया था कि पिछले एक महीने से उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट देखने को मिल रही थी। इसके बाद उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा के निर्देशन में उनका इलाज किया जा रहा था। विहिप के मार्गदर्शक मण्डल में रहे आचार्य स्वामी धर्मेंद्र रामजन्मभूमि आंदोलन के बड़े चेहरों में से एक थे। बाबरी विध्वंस मामले में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने जब सभी 32 आरोपियों को बरी किया था तो उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा था-सत्य की जीत हुई है। इस पर मैं प्रणाम करूंगा। हम सब मिलकर जितने भी पुराने दाग हैं, उनको धोएंगे। यह तो पहली झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है।

## कौसर इमाम सिद्दीकी की लाल डायरी ने बढ़ाई आप विधायक अमानतुल्लाह की मुश्किल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एंटी करप्शन ब्रांच) को दिल्ली वक्फ बोर्ड में हुए भ्रष्टाचार की जांच में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान के करीबी और सहयोगी कौशर इमाम सिद्दीकी उर्फ लड्डन के घर से मिली लाल डायरी मददगार साबित हो रही है। इस डायरी ने अमानतुल्लाह की मुश्किल बढ़ा दी है। एंटी करप्शन ब्रांच शुक्रवार को विधायक अमानतुल्लाह खान से पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद उनके और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मारा। इस छापे में कौशर इमाम सिद्दीकी के ठिकाने से लाल डायरी, 12 लाख रुपये की नकदी और बिना लाइसेंस का पिस्टल और कारतूस मिले हैं। इस पर दक्षिण पूर्वी जिले के जामिया नगर थाने में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। वह फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक इस लाल डायरी ने कई राज खोले हैं। इसमें करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन का जिक्र है। साथ ही गुजरात, बिहार और उत्तर प्रदेश में भी भेजी गई रकम का विवरण है। यही नहीं, लाल डायरी में दुबई और सऊदी अरब से आई रकम का भी उल्लेख है।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश को सौंपी तीन राज्यों के चुनाव की कमान



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए पर भरोसा जताया है। पार्टी में नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद अभी तक पर्दे के पीछे रहकर राजनीति कर रहे थे। 2019 में नेशनल कॉर्डिनेटर बनने के बाद अब उन्हें तीन राज्यों के चुनाव की कमान सौंपी गई है। ऐसे में बसपा में जहां युवा नेतृत्व की झलक दिखेगी, वहीं अब आकाश भी फ्रंट पर राजनीति करेंगे। गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इसको लेकर बसपा इन राज्यों में चुनावी तैयारियों में जुटी है। वहीं सितंबर के पहले हफ्ते में प्रदेश प्रभारी राम जी गौतम और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद राजस्थान में बैठक करने पहुंचे। यहां दर्जनभर पदाधिकारी व कार्यकताओं ने पिछले चुनाव में टिकट वितरण में गड़बड़ी व पैसे के लेन देन का आरोप लगाकर हंगामा किया। साथ ही पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाकर इस्तीफा दे दिया। मामला बसपा प्रमुख मायावती तक पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद बसपा प्रमुख ने तीनों राज्यों के चुनाव की कमान भतीजे आकाश आनंद को सौंप दी। ऐसे में राम जी गौतम आकाश आनंद की देखरेख में इन राज्यों में संगठन और आगामी चुनाव का काम देखेंगे। यूपी-उत्तराखंड, पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में बसपा को हार का सामना करना पड़ा। दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर चुनाव लड़ने वाली बसपा ने अब यूथ पर फोकस करने की रणनीति बनाई है। इसके साथ ही जनाधार बढ़ाने के लिए दक्षिण भारत की ओर भी कदम बढ़ाया है। इसके लिए बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे व पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद को आगे किया है। आकाश आनंद ने यूथ कांफ्रेस 27 अगस्त को चेन्नई में की। इसमें जय भीम मॉडल पर फोकस किया गया। इसमें युवाओं के बीच दलित समाज की सामाजिक-आर्थिक भागीदारी की विचारधारा को धार दिया। विधानसभा चुनाव हारने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने पहले यूपी की समीक्षा बैठक की। इसमें संगठन में फेरबदल किया। कई पद खत्म कर बूथ स्तर से लेकर जोनल स्तर तक नए सिरे से संगठन खड़ा करने के निर्देश दिए। इसके बाद जुलाई में मायावती ने दिल्ली की ओर रुख किया। यहां 10 जुलाई से करीब माह भर 20 से अधिक राज्यों की समीक्षा बैठक पार्टी पदाधिकारियों के साथ की।

## साल 2025 तक पर्यटन की दृष्टि से भारत विश्व के टॉप 10 देशों में होगा शुमार : जी कृष्णा रेड्डी

**धर्मशाला (हि.स.)।** केंद्रीय पर्यटनमंत्री जी कृष्णा रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार की सोच है कि टूरिज्म की मार्केटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होनी चाहिए। प्रधानमंत्री जिस भी देश का दौरा करते हैं वहां भारतीय टूरिज्म की बात जरूर करते हैं। पर्यटन मंत्रालय भी ऐसी योजना बना रहा है जिससे विदेशी पर्यटकों का रुख भारत की ओर अधिक हो। इसके लिए सभी भारतीय दूतावासों को इस बारे में आदेश दिए गए हैं। केंद्र सरकार सभी दूतावासों में पर्यटक अधिकारियों की शीघ्र ही नियुक्ति करने जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2025 तक पर्यटन की दृष्टि से भारत विश्व के टॉप (प्रथम) 10 देशों में शुमार होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत के पड़ोसी देशों में पर्यटकों को आकर्षित करने की परिस्थितियां सही नहीं हैं। ऐसे में भारत के पास एक सुनहरा मौका है कि वह विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित कर सके। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत में तीन हजार से भी अधिक हेरिटेज डेस्टिनेशन हैं। यह जानकारी पर्यटकों तक पंहुचाने के लिए हर जगह कुछ अधिकारियों की जिम्मेदारीरी तय होनी चाहिए। सभी राज्यों में पर्यटन विकास को लेकर सकारात्मक प्रतियोगिता होनी चाहिए। तभी पर्यटन विकास संभव है। जी कृष्णा रेड्डी ने कहा की सभी शिक्षण संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स ऐंड गाइड की तर्ज पर पर्यटन युवा क्लब बनाने की जरूरत है। एयर, रेल और रोड कनेक्टिविटी में सुधार होने से पर्यटक आकर्षित हैं। धर्मशाला में नाइट लैंडिंग की सुविधा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिविल एविएशन आने वाले समय मे बड़ी चुनौती होगी। भारत मे आधुनिक सड़कों का जाल बिछ रहा है। सरकार की कोशिश है कि सभी पेट्रोल पम्पों पर आधुनिक शौचालय हों। ऐसी ही सुविधायें अन्य क्षेत्रों में आवश्यक हैं। सभी राज्य स्थानीय एवं ट्राइबल उत्सवों की मार्केटिंग सोशल मीडिया पर बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि पर्यटकों कोटूरिस्ट डेस्टिनेशन की सही और समस्त जानकारी होनी चाहिए। टूरिस्ट सेक्टर में बजट की कमी है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद टूरिज्म बढ़ा है। आज कश्मीर की डल लेक के पास युवा तिरंगा लेकर घूम रहे हैं।

# मप्र सरकार ने लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 3 साल बढ़ाई




**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी-पीएससी) की परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।आदेश में कहा गया है कि अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दिसंबर, 2023 तक अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जा रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि कोविड-19 के चलते पीएससी की परीक्षाएं न होने पर पात्र युवा आयु सीमा पार कर गए हैं। उनके साथ न्याय करने के लिए उनकी मांगों के आधार पर पीएससी की परीक्षा में केवल एक वर्ष के लिए आवेदक की अधिकतम आयु सीमा तीन साल बढ़ाने का फैसला लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में एमपी-पीएससी के जरिए राजपत्रित, अराजपत्रित और कार्यपालिक पदों के लिए भर्तियां विभागीय स्तर पर की जाती हैं। प्रदेश सरकार ने तीन साल पहले एमपी-पीएससी की भर्ती परीक्षाओं में प्रदेश के मूल निवासियों के लिए सभी पदों पर नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा को 35 साल से बढ़ाकर 40 वर्ष कर दिया था। यानी पीएससी के जरिए भरे जाने वाले पदों के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष निर्धारित की गई थी, जबकि इन भर्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन और महिलाओं को 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट मिलती है। यानी इन वर्षों के लिए एमपी-पीएससी की परीक्षा के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित थी। कोरोना काल के दौरान पिछले तीन साल से एमपी-पीएससी की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं।

इसके चलते कई उम्मीदवार उम्र अधिक होने के कारण बाहर हो गए। उम्मीदवार लगातार सीएम से आयु सीमा में रियायत बरतने को लेकर मांग कर रहे थे। अब राज्य सरकार ने इस अधिकतम आयु सीमा में एक साल के लिए तीन साल की बढ़ोतरी की है। इस लिहाज से सामान्य वर्ग के 43 साल के युवा एमपी-पीएससी की परीक्षा दे सकेंगे, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह आयु सीमा 48 साल होगी।


हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

8375000672

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |


Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 20 sep 2022:Layout 1 9/19/2022 11:06 PM Page 8



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल अटैंड कर रही नंदिता

## - फोटोज शेयर कर बोली सॉरी, मेरे पास स्क्रीनिंग से सिर्फ इतना ही है





**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निर्देशक नंदिता दास आजकल 47वां टोरंटो फिल्म फेस्टिवल अटैंड कर रही हैं, जहां वे अपनी फिल्म ज्विगाटो की स्क्रीनिंग के लिए अपनी टीम के साथ गई हैं। हाल ही इस फिल्म की स्क्रीनंग के दौरान की उन्होंने कुछ फोटोज शेयर की, जिनमें लीड एक्टर कपिल शर्मा नजर आ रहे हैं। इन फोटोज के साथ उन्होंने लिखा, सॉरी मेरे पास स्क्रीनिंग से सिर्फ इतना ही है। नंदिता दास के साथ फोटो में कपिल शर्मा नजर आ रहे हैं। इसके अलावा उनके साथ जानी मानी निर्देशक दीपा मेहता भी हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए नंदिता ने लिखा, मेरे पास फिलहाल यही हैं। उम्मीद करती हूं कि जो स्क्रीनिंग के दौरान थे वे और तस्वीरें साझा करेंगे। आप अपने बड़े दिन पर बस यही सोचते हैं कि फिल्म दर्शकों से कनेक्ट कर जाए। ऐसा लग रहा है कि ऐसा ही हुआ है। इससे ज्यादा मुझे और कुछ नहीं चाहिए। आपकी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया क्योंकि उन्होंने काम किया। बता दें कि ज्विगाटो में कपिल शर्मा एक फूड डिलीवरी बॉय की भूमिका में हैं। इसमें शहाना गोस्वामी उनकी पत्नी के किरदार में हैं।

फिल्म की कहानी में भुवनेश्वर को दिखाया गया है और यह कोरोनो महामारी के काल पर फोकस करती है। नंदिता ने इस फिल्म में हल्के फुल्के अंदाज में मध्यम परिवार के संघर्ष को दिखाने का प्रयास किया है।बता दें कि कनाडा के टोरंटो शहर में होने वाला यह 47वां फिल्म समारोह है। 8 सितम्बर को शुरू हुआ फिल्म फेस्टिवल 18 सितम्बर तक चलेगा। पिछले दो सालों से कोरोना के कारण यह फेस्टिवल नहीं हो सका था। इस बार रूस। यूक्रेन युद्ध के के कारण रूसी सरकार समर्थित फिल्में और संस्थाओं को इस समारोह में भाग लेने की इजाजत नहीं दी गई है। बता दें कि नंदिता दास ना सिर्फ बेहतरीन एक्ट्रेस हैं बल्कि अच्छी निर्देशक भी हैं। वे अपनी फिल्मों के जरिए अलग तरह का सिनेमा दिखाने का प्रयास करती हैं।

# बॉयफ्रेंड अली फजल से शादी करेगी ऋचा चड्ढा

## -शादी की तैयारियां चल रही जोर-शोर से



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड अली फजल से शादी करने जा रही हैं। ऋचा खुद भी अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। दोनों की शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि अली 24 सितंबर तक दिल्ली पहुंच जाएंगे और फिर शादी की तैयारियों का हिस्सा लेंगे। हाल ही ट्विटर पर लिखा, अक्टूबर तक का इंतजार नहीं हो रहा। वहीं, खबर है कि ऋचा शादी में जो आउटफिट कैरी करेंगी, उसके लिए पांच अलग-अलग डिजाइनर्स की टीम काम कर रही है। जानकारी के अनुसार ऋचा और अली 6 अक्टूबर को मुम्बई में विवाह बंधन में बंधेंगे। ऋचा और अली लम्बे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों शादी का फैसला पहले ही कर चुके थे लेकिन कोरोना के कारण दोनों को शादी का प्लान आगे खिसकाना पड़ा। अब दोनों अपने मन मुताबिक वेडिंग फंक्शन कर नई जिंदगी की शुरूआत कर रहे हैं। यही कारण है कि ऋचा ने ट्वीट किया कि अब वे अक्टूबर का इंतजार नहीं कर पा रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक जिफ भी शेयर किया, जिस पर लिखा हुआ है न्यू लाइफ लोडिंग। ऋचा की शादी के फंक्शन सितम्बर अंत से शुरू हो जाएंगे। ऐसे में अपनी शादी के लिए एक्सा-इटेड ऋचा हर फंक्शन की तैयारियों को पर्सनली जायजा ले रही हैं। साथ ही वे अपने लुक को लेकर भी काफी सजग हैं। सूत्रों के अनुसार शादी के अलग अलग फंक्शन से लेकर शादी तक के लिए उन्होंने 5 अलग अलग डिजाइनर्स को अपने आउटफिट तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। इनमें दो इंटरनेशनल डिजाइनर्स भी हैं। ये डिजाइनर्स ऋचा की पसंद के अनुसार उनकी हर ड्रेस को तैयार कर रहे हैं। साथ ही यह भी खबर है कि अली के आउटफिट्स भी ऋचा से मैच करते हुए ही प्लान किए गए हैं। जानकारी सामने आई है कि ऋचा और अली ने मुम्बई में 110 साल पुराने दिल्ली जिमखाना क्लब को रिसेप्शन के लिए चुना है। यह सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में शुमार है और इसकी सदस्यता के लिए 37 साल तक इंतजार करना पड़ता है।

स्टार जोड़ी ने अब यहां अपना रिसेप्शन करने का फैसला किया है। शादी के कुछ प्री फंक्शंस भी यहीं होंगे। शादी में जहां ऋचा और अली के करीबी शामिल होंगे, वहीं रिसेप्शन में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल होंगी। फिलहाल दोनों स्टार्स अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी शादी के कारण कोई प्रोजेक्ट ना अटके। ऋचा चड्ढा इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी की शूटिंग खत्म करने की कोशिश कर रही हैं। उनका एक गाना शूट होना बाकी है, जिसमें देरी हो गई है। दूसरी तरफ, अली फजल मिजार्पुर 3 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके लिए वह मुंबई और लखनऊ के बीच दौरे कर रहे हैं।

# कोई भी बात परिस्थितियों पर निर्भर करती है: अली असगर

## -द कपिल शर्मा शो से फिर से जुड़ने के सवाल पर कहा



**मुंबई (ईएमएस)।** कपिल शर्मा के हिट कॉमेडी शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल में दादी के कैरेक्टर अली असगर को देख कर आज भी फैंस खुश होते हैं। बीते दिनों अली से सवाल किया गया कि क्या वह अभी भी कपिल के साथ उनके कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो से फिर से जुड़ने के लिए तैयार हैं? तो इस पर कॉमेडियन ने जो कहा वह बेहद शानदार है। एक बातचीत में कॉमेडियन अली असगर ने ये स्वीकार किया कि यह कोई भी बात परिस्थितियों पर निर्भर करता है। एक्टर ने कहा, आप ईमानदारी से कभी नहीं जानते। आप भविष्यवाणी नहीं कर सकते। मैंने कभी सोचा नहीं था के मैं नहीं कर रहा हूं। हालांकि मैं ये अभी भी नहीं बोल सकता कि मैं शो करुंगा या नहीं। यह स्थिति पर निर्भर करता है। शो से बाहर होने पर अली असगर ने कहा, दुर्भाग्य से जो हुआ है, उसके बाद मैंने छोड़ दिया। उस घटना के बाद हमारी कोई बातचीत नहीं होती हैं। एक दूसरे से हमारा संपर्क नहीं है और न ही कोई मुलाकात ही। हमें कभी मिलने का मौका नहीं मिला, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि क्या हम करेंगे फिर से मिलें या नहीं। कैरेक्टर क्रिएटिव अंतर के अलावा कुछ भी नहीं है। मेरे पीछे शो नहीं करने या भविष्य में कभी शो कभी नहीं करने के पीछे कोई बड़ा कारण नहीं है। जिस दिन कुछ अच्छा होगा, हम फिर से साथ हो सकते हैं। ये तो वक्त ही बताएगा। अली असगर इन दिनों में झलक दिखला जा-10 का हिस्सा हैं। इस शो में उन्होंने बतौर कंटेस्टेंट देखे जा रहे हैं। हालांकि अपने कॉमेडी ह्यूमर की वजह से वह खबरों में छाए रहते हैं और शो के जज के साथ ही दर्शकों के चहेते बने हुए हैं। बातचीत में उन्होंने कहा झलक दिखला जा-10 के बारे में बताया और कहा कि कंटेस्टेंट के रूप में उनके दादी के कैरेक्टर को लेकर फिर स्टेज पर आना एक अनुठा तरीका है, लेकिन यह काफी चैलेंचिंग है।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 की शूटिंग हुई शुरू

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द राइज के राइज का क्रेज दर्शकों में अभी भी बरकरार है। फैंस फिल्म के सीक्वल का इंतजार बड़ी बेसब्री से कर रहें हैं। ऐसे में पुष्पा के फैंस के लिए एक खुशखबरी सामने आई है। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर पूजा सेरेमनी की फोटो शेयर की है, जिस पर उन्होंने 'लेस्ट गो' लिखकर अपनी जाहिर की है। कुछ दिन पहले एक्टर ने अपनी फोटो शेयर की थी, जिसके बाद फैंस ने अंदाजा लगाया कि अल्लू अर्जुन का यह नया लुक पुष्पा 2 के लिए ही होगा। माना जा रहा है कि फिल्म के सीजन 2 में दर्शकों को दमदार एक्शन मिलेगा, ऐसे में फैंस इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

# व्हील चेयर पर योगा करती दिखीं शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो वील चेयर पर बैठी योगा करती हुई नजर आ रही हैं। योग शुरू करने से पहले शिल्पा बोलती हैं, 'पैर टूटा है पर हौसला नहीं, योग से ही होगा।' शिल्पा का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग के दौरान उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था जिसके बाद उनके पैर में प्लास्टर लगा हुआ है। इस वीडियो को देखने को बाद हर कोई उनके इस जज्बे की तारीफ कर रहा है।

# उर्वशी रौतेला ने कहा- 'मौत से पहले भी एक मौत होती है'

## -अपने लेटेस्ट पोस्ट को लेकर सुर्खियों में एक्ट्रेस



**मुंबई (ईएमएस)।** पिछले दिनों पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह संग अपने एडिटेड वीडियो को लेकर भी बॉलीवुड अभिनेत्री उ-र्वशी रौतेला नेटिजंस के निशाने पर थीं और अब वह अपने लेटेस्ट पोस्ट को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। उर्वशी का यह पोस्ट देखने के बाद जहां उनके फैंस उन्हें लेकर चिंतित हैं तो वहीं, कुछ यूजर्स ने उनका मजाक बनाया है। कई को यह पोस्ट देखकर एक बार फिर ऋषभ पंत याद आ गए हैं। उर्वशी रौतेला ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी एक फोटो शेयर की है। अक्सर ग्लैमरस लुक में दिखाई देने वाली उर्वशी इस फोटो में साड़ी पहने नजर आ रही हैं। उनका यह लुक उनके किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट का लग रहा है। फोटो कुछ ज्यादा साफ नहीं है, लेकिन उनके गले में मंगलसूत्र और सिंदूर, खुले बाल और मायूसी भरी नजरें। उ-र्वशी की फोटो खूब पसंद की जा रही है। अपनी यह फोटो शेयर करते हुए उर्वशी रौतेला ने कैप्शन में लिखा- ह्यमौत से पहले भी एक और मौत होती है, देखो जरा अपनी मोहब्बत से दूर होकर। उ-र्वशी की तस्वीर का कैप्शन पढ़ने के बाद जहां अभिनेत्री के कुछ फैंस उनसे उनका हाल पूछ रहे हैं तो कई को एक बार फिर ऋषभ पंत याद आ गए हैं। यूजर्स का पूछना है कि क्या उन्होंने यह पोस्ट ऋषभ पंत की याद में शेयर किया है।बीते दिनों उर्वशी अपने एक रोमांटिक रील की वजह से ट्रोल्स के निशाने पर थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर किया था जिसमें उनके साथ पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह नजर आए थे। वीडियो में उर्वशी क्रिकेट मैच देखती नजर आईं, उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में यह वीडियो शेयर किया था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया। इस वीडियो को शेयर कर उर्वशी ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। कई यूजर्स ने उन पर निशाना साधा। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। अभिनेत्री अपने काम के साथ ही क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। इस वजह से अक्सर उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ता है।

# चेन्नई में एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे शाहरुख

**- 'जवान' की शूटिंग में बिजी शाहरुख खान**

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड स्टार शाहरुख इस सप्ताह के अंत में चेन्नई में एक जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे। क रिपोर्ट के अनुसार, इस मेगा-एक्शन सीन को शूट करने के लिए एक विशाल सेट पहले ही बनाया जा चुका है। इतना ही नहीं, यह भी बताया गया है कि शाहरुख खान 200 महिलाओं के साथ इस सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे। ऐसी चचाएं हैं कि फिल्म के निर्देशक, एटली ने मुंबई में लगभग 200 से 250 फीमेल मैनेजमेंट ऑफिसर्स को क्राउडसोर्स किया है जो शूटिंग के लिए चेन्नई के लिए उड़ान भरेंगीं। इस एक्शन सीक्वेंस को सात दिनों की अवधि में शूट किए जाने की संभावना है। हालांकि, अभी तक शूटिंग के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस साल जून में, जवान का टीजर जारी किया गया था, जिसमें शाहरुख खान को घायल अवस्था में दिखाया गया था।

एक्टर के चेहरे पर पट्टियां लिपटी हुई थीं। शाहरुख खान ने बाद में अपने इस लुक के बारे में कहा था, जवान एक ऐसी कहानी है जो किसी क्षेत्र-विशेष से नहीं जुड़ी है और सभी के आनंद के लिए है। इस अनूठी फिल्म को बनाने का श्रेय एटली को जाता है, जो मेरे लिए भी एक शानदार




अनुभव रहा है, क्योंकि मुझे एक्शन फिल्में पसंद हैं! टीजर विशाल हिमखंड का सिर्फ एक सिरा है और आने वाले फिल्म की झलक देता है। जवान में शाहरुख खान के अलावा नयनतारा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में तमिल सुपरस्टार विजय सेतुपति के होने की भी चर्चा है। जवान गौरी खान द्वारा निर्मित और एटली द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म 2 जून 2023 को पांच भारतीय भाषाओं झ हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहरुख खान जवान के अलावा पठान और डंकीह्लमें भी नजर आएंगे। पठान में, शाहरुख दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन साझा करेंगे, जबकि डंकी में, हम शाहरुख खान को तापसी पन्नू के साथ देखेंगे। ऐसी खबरें हैं कि वे सलमान खान की टाइगर 3 में एक एक्शन सीक्वेंस में भी दिखाई देंगे। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मालूम हो कि शाहरुख खान ने जब अपनी अगली फिल्म जवान के बारे में बताया था, तब से फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग चल रही है।

# तेहरान में मानुषी छिल्लर लीड रोल में आएंगी नजर

इस साल कई बड़ी फिल्मों का सिनेमाघरों में बुरा हश्र हुआ है। ऐसे में फ्लॉप का लेवल बड़े सितारों पर चस्पा न हो, उसकी खातिर आने वाले समय में कई बड़े सितारे अपनी फिल्मों को डायरेक्ट टु ओटीटी पर लाने वाले हैं। उन सितारों की फेहरिस्त में जॉन अब्राहम भी शामिल हो सकते हैं। वही जॉन जो अब तक लगातार दावे करते रहें हैं कि वे तो बड़े पर्दे के हीरो हैं, जो 299 या 499 रुपए में लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होना चाहते। बेशक उनकी शाहरुख खान के साथ पठान आ रही है, जो अगले साल रिपब्लिक डे पर सिनेमाघरों में आएगी। साथ ही हाल ही में एक विलेन रिटर्न्स ने सिनेमाघरों में डीसेंट




कलेक्शन किया था। इनके बावजूद उनकी तेहरान या तारिक में से कोई एक OTT का रुख कर सकती है। दोनों फिल्मों पर उनके को-प्रोड्यूसर पार्टनर बेक माय केक फिल्म्स हैं।

## सूडोकु नवताल- 6198

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्दजाल - 6945

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | मु | ग | ल | दो | चो | र | म | ल | ध |
| ल | वि | ल | नी | ला | आ | का | श | ह | श | ड़ |
| ल | अ | ल | म | दी | छ | स | आ | दे | ख | क |
| का | स | न | न | दि | वा | स | रा | ल | श | क |
| र | आ | दो | प | ल | ज | मे | तू | ग | झ | न |
| या | क | द | र | ढ़ | व | उ | शी | ण | ल्ता | क |
| ती | या | ल | मी | गां | प | मो | व | सु | जू | बै |
| क | म | ऊ | रा | द | खा | क | या | ए | श | क |
| क | त | मे | प | र्द | गी | जि | री | औ | प | य |
| क | गॉ | ल | प | लि | र | त | ऐ | ओ | प | की |
| क | ड | रा | जा | जा | नी | स | व्य | ब | प | न |

*शब्द जाल में धर्मेंद्र की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीच एवं तिरछे भी हैं.*

अनपढ़, नीला आकाश, मेरा गांव मेरा देश, खामोशी, यकीन, दो चोर, ललकार, राजा जानी, रजिया सुल्तान, कयामत.

### शब्दजाल - 6944 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | श | त | रं | ज | के | खि | ला | ड़ी | र |
| र | च | ल | प | व | जी | ग | द | इ | मा | ली |
| त | र | र्म | ल | र | छ | पु | रा | ट | हे | क |
| क | स | ज | कु | ह | व | न | लू | ल | म | क |
| क | क | दो | बा | म | लं | रि | तू | ग | कि | क |
| जी | क | ल | नी | कि | झ | पू | श | ण | सी | को |
| ती | ज | मा | न | त | प | दे | श | र | से | ल |
| क | ता | दा | ई | से | र | क | फ | लो | क | न |
| ने | बा | चे | न्न | प | जी | ल | री | ग | म | स्ता |
| द | पा | ल | श | व | दा | दा | ऐ | बें | न | शो |
| क | क | दे | प | ची | न | रा | बा | द | हीं | ले |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5898

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | |
| 4 | 28 | 2 | 38 | | 31 | 7 |
| 1 | 5 | | 6 | | 2 | 3 |
| | 28 | 3 | 36 | | 38 | 6 |
| 5 | | 1 | 4 | | | 2 |
| 7 | 34 | | 29 | 3 | 35 | |
| 2 | | 6 | | | 7 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5897 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 4 | 28 | 2 | 38 | 2 | 31 | 7 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 6 | 38 | 5 | 36 | 3 | 28 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 32 | 3 | 29 | 5 | 37 | 5 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in